हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026



# ऑनलाइन पर्ची के चलते अटकी नीलामी, नहीं बिक पाया धान सिर्फ कठानी की बोली

## देरी होने पर किसानों ने जताई नाराजगी, व्यापारी भी दिखे परेशान

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बसंतपुर स्थित कृषि उपज मंडी में रोजाना सुबह साढ़े 9 बजे होने वाली नीलामी प्रक्रिया समय पर शुरू ही नहीं हो पाई। ऑफलाइन की जगह शत-प्रतिशत ऑनलाइन पर्ची काटने के नियम के चलते गुरुवार को नीलामी लगभग पांच घंटे की देरी से दोपहर दो बजे शुरू की जा सकी। इसमें भी धान की बोली नहीं लगी, केवल कठानी की नीलामी ही की गई। घंटों के विलंब से जहां किसानों को समस्या का सामना करना पड़ा।

वहीं व्यापारी भी काफी परेशान नजर आए। बताया गया कि गुरुवार को करीबन छह सौ पर्ची काटी गई और लगभग पांच हजार कट्टा कठानी की नीलामी कराई गई। हालांकि गुरुवार को हुई दिक्कतों को देखते हुए ऐसा कहा जा रहा है कि आज से ऑनलाइन के साथ ही ऑफलाइन पर्ची भी कटवाने की सुविधा किसानों को दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि जिलेभर से किसान अपनी उपज को बेचने के लिए जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी पहुंचते हैं। किसानों को अपनी उपज बेचने से पहले पर्ची कटवानी होती है, उस पर्ची में उपज की जानकारी शामिल रहती है। जिसके बाद नीलामी प्रक्रिया की जाती है। लेकिन पिछले कुछ महीनों से पर्ची काटने का काम ऑनलाइन किया जा रहा था, लेकिन गुरुवार को अचानक अधिक किसानों के पहुंचने के बाद ऑनलाइन पर्ची काटने में दिक्कतें देखने को मिली। जिसके चलते नीलामी प्रक्रिया प्रभावित हुई।

### रोजाना पहुंच रहे दो सौ किसान

बसंतपुर स्थित कृषि उपज मंडी में समय-समय पर उपज बेचने के लिए पहुंचने वाले किसानों की संख्या घटती-बढ़ती रहती है। रबी सीजन में लगभग किसान अपनी उपज मंडी में बेचते हैं। यही कारण है कि गर्मी के दिनों में किसानों की संख्या अधिक रहती है। इन दिनों में भी रोजाना दो से तीन सौ किसान अपनी उपज बेचने के लिए मंडी पहुंच रहे हैं। ऐसे में गुरुवार को नीलामी प्रक्रिया में हुई देरी के चलते किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।



### कठानी की आवक में तेजी

जिले में भले ही धान की फसल अधिक ली जाती है, लेकिन अब पानी की समस्या को देखते हुए रबी सीजन में किसानों ने अन्य फसल पर भी फोकस किया है। यही कारण है कि इन दिनों मंडी में धान की जगह कठानी की आवक तेज है। बताया गया कि मंडी में सोयाबीन, लाखड़ी, चना देशी, गेहूं, मूंग, मसूर, राहर, धनिया, बटरी, सरसो के साथ ही अलसी की आवक देखने को मिल रही है। वहीं धान में सरना, महामाया और आईआर नया की आवक है, लेकिन यह भी सीमित ही है।

### कर्मचारी की कमी भी कारण

मंडी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रोजाना आने वाले किसानों की पर्ची काटने के लिए कुल छह कर्मचारियों की तैनाती की गई है। इसमें तीन कर्मचारी सुबह से दोपहर दो बजे तक एवं अगले तीन कर्मचारी दोपहर दो बजे से देर शाम तक अपनी सुविधाएं देते हैं। सैकड़ों की संख्या में किसानों के पहुंचने की वजह से कर्मचारियों की संख्या कम पड़ रही है। ऐसा कहा जा रहा है कि दोनों शिफ्ट में कम से कम दो-दो कर्मचारियों को बढ़ाया जाना चाहिए। जिससे किसानों को राहत मिल सके।

## खबर संक्षेप

### बकायेदार दुकानदारों पर होगी सख्त कार्रवाई

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव की अध्यक्षता में जीवनदीप समिति कार्यकारिणी बैठक में जिला चिकित्सालय परिसर में संचालित 26 व्यावसायिक दुकानों द्वारा लंबे समय से किराया भुगतान नहीं किए जाने पर दुकानदारों को अंतिम नोटिस देकर वसूली की जाए अन्यथा दुकानों को सील करने का निर्णय लिया गया था।

सिविल सर्जन द्वारा जारी अंतिम नोटिस के बावजूद निर्धारित समय-सीमा के बावजूद कुछ बकायेदारों से भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है। जिला चिकित्सालय परिसर की दुकानों पर कुल 12 लाख 99 हजार 909 रुपए की बकाया राशि दर्ज थी। जिसमें से 2 लाख 70 हजार 864 रुपए की वसूली की गई है। इसके बाद 10 लाख 29 हजार 045 रुपए की शेष राशि बकाया है, जिसे दुकानदारों द्वारा अंतिम नोटिस के बावजूद जमा नहीं किया गया है। बकाया राशि जमा नहीं करने वाले दुकानदारों के विरूद्ध दुकानें सील करने की कार्रवाई की जाएगी।

### कंटेनर में लगी आग

**राजनांदगांव।** पाटेकोहरा बेरियर के पास खड़े एक कंटेनर में केबिन के नीचे अचानक आग लग गई। जिससे अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार सुबह लगभग 9 बजे पाटेकोहरा बेरियर के पास खड़े कंटेनर। जिसमें स्टील और लोहे का सामान भरा हुआ था, अचानक आग लग गई। सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची और फायर बिग्रेड की सहायता से आग पर काबू पाया गया।

## माए एंगल




## दो मरीजों के बीच विवाद की आशंका, प्रबंधन से पूछताछ कर रही टीम

# मेंटल अस्पताल में भर्ती मरीजों के बीच विवाद पर हत्या, जांच शुरू

## धारदार हथियार से हमले की आशंका, संदिग्धों से पूछताछ जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

उपचार हेतु मेंटल हास्पिटल में भर्ती एक व्यक्ति की हत्या होने का सनसनी खेज मामला प्रकाश में आया है। अज्ञात आरोपी ने हमला कर गंभीर कर दिया था। जिसकी सूचना मिलने पर उसे उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज हास्पिटल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मामले की बारिकी से जांच पड़ताल में जुटी हुई है। बताया गया कि इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती मरीजों में से ही किसी के द्वारा यह घटना किए जाने की आशंका जताई जा रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवादा मेंटल हास्पिटल में उपचार हेतु कामता प्रसाद 42 वर्ष को उपचार हेतु भर्ती किया गया था। बताया गया कि बीती रात अज्ञात आरोपी ने कामता प्रसाद पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। आशंका व्यक्त की जा रही है कि आरोपी के साथ संघर्ष भी हुआ होगा।

इधर पुलिस की एक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच भी शुरु कर दी है। बताया गया कि अस्पताल में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है, लेकिन वह चालू हालत में नहीं है। जिसके चलते भी पुलिस को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि जांच शुरु कर दी गई है।



### जांच में आएगी दिक्कतें

बताया गया कि जिस अस्पताल के भीतर यह घटना हुई है, वहां उस वार्ड में कुल 18 मरीज भर्ती थे। इनमें से ही किसी एक के द्वारा हत्या की आशंका जताई जा रही है। हालांकि पुलिस टीम को आरोपी तक पहुंचने के लिए काफी पसीना बहाना पड़ सकता है। चूकिं अस्पताल में भर्ती मरीज अत्याधिक नशे, भूलने की बीमारी के साथ ही दीमागी बीमारी से ग्रसित है। ऐसे में उनसे पुछताछ कर मामले को सुलझाना पुलिस के लिए टेड़ी खीर साबित हो सकता है।

### परिजनों में शोक व्याप्त

बताया गया कि इस घटना की जानकारी जैसे ही मृतक के परिजनों को हुई, उनमें शोक व आक्रोश व्याप्त हो गया। परिजनों ने इस मामले में उचित मुआवजा एवं आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर परिजनों के साथ कुछ जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। पुलिस टीम के अनुसार इस मामले में बारिकी से जांच पड़ताल की जा रही है।

### 20 लाख रुपए की मदद करेगा प्रबंधन

मिली जानकारी के अनुसार मामले की जानकारी मिलने के बाद मृतक के परिजन मौके पर पहुंच गए थे। उन्होंने अस्पताल के भीतर हुए इस खूनी संघर्ष को लेकर प्रबंधन पर ही आरोप लगाए। वहीं नाराज परिजन के साथ ही लोगों ने मुआवजे को लेकर चक्काजाम भी किया। जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने परिजनों की आर्थिक रूप से सहयायता के दृष्टिकोण से 20 लाख रुपए की आर्थिक मदद करने का ऐलान भी किया।

### घटना से क्षेत्र में सनसनी

पुलिस के मुताबिक घटनाक्रम में कामता प्रसाद बंजारे उम्र लगभग 42 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया था।जिसके सिर पर गंभीर चोंटे आई थी। उसे उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज पेंड्री ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इधर घटना की जानकारी जैसे ही देवादा अस्पताल के स्टाफ व आसपास के लोगों हुई सनसनी फैल गई थी। घटना की सूचना पर मौके पर अधिकारी व सोमनी स्टाफ जांच पड़ताल में जुट गई है।

# स्टेडियम परिसर में महीनों से नहीं पटाया किराया, दर्जनभर किरायेदारों को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के दिग्विजय स्टेडियम परिसर में स्टेडियम समिति द्वारा बनाए गए शॉपिंग काम्प्लेक्स में महीनों से किराया जमा नहीं करने वाले किरायेदारों को नोटिस जारी किया गया है। लगभग दर्जनभर से अधिक किरायेदारों ने 10 से 33 माह तक का किराया जमा नहीं किया है। जिसको लेकर अब उन्हें नोटिस जारी हुआ है।

स्टेडियम समिति द्वारा आजीविका के लिए शॉपिंग काम्प्लेक्स में संचालित दुकानों को कई लोगों को किराये पर दिया गया है। इनमें से लगभग 11 लोगों द्वारा 10 माह से 33 माह तक की राशि समिति में जमा नहीं की गई है। किराये की राशि नहीं देने के चलते अब स्टेडियम समिति ने बताया किरायेदारों को नोटिस जारी किया है। स्टेडियम समिति शॉपिंग काम्प्लेक्स की मार्च 2026 तक की बकाया राशि को लेकर दिए गए नोटिस में दुकान क्रमांक ई-8 श्रीमती मनप्रीत कौर को 10 माह का बकाया राशि 38130, दुकान क्रमांक ई-9 नरेन्द्र सिंह बल को 10 माह का बकाया किराया 38130, ई-10 जसविंदर सिंह बल को 40130, दुकान क्रमांक ई-11 उमेश काकीरवार को 12 माह का बकाया राशि 32760, ई-15 अश्वनी टंडन को 10 माह का बकाया 48820 और सी-25 का 33 माह का बकाया 154176, सी-21 श्रीमती विमला शर्मा को 33 माह का बकाया 183150, सी-22 श्रीमती पद्मनी ध्रुव को 10 माह का बकाया 31640, सी-16 प्रज्ञा शर्मा को 33 माह का 173250, सी-29 पूर्वा शर्मा को 12 माह का 64884 और दुकान क्रमांक सी-30 रूस्तम लाल को 10 माह का बकाया किराया 36890 रुपए का नोटिस जारी किया गया है।

### तीन लोगों ने 3 वर्षों से नहीं दिया किराया

स्टेडियम समिति शॉपिंग काम्प्लेक्स का लगभग 8 लाख रुपए किराया बकाया है। जिसको लेकर अब समिति वसूली के लिए सख्त दिखाई दे रही है। इन बकायेदारों में लगभग तीन किरायेदारों द्वारा 3 वर्ष से राशि जमा नहीं की गई है। वहीं अधिकांश किरायेदार 10 माह से किराये की राशि जमा नहीं किए हैं।

# मिनी स्टेडियम में जुआ खेलते 9 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



बताया गया कि 9 अप्रैल को रात्रि देहात पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सिंघोला मिनी स्टेडियम में कुछ व्यक्ति ताश पत्ती से रुपए-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते चौकी प्रभारी सुरगी निरीक्षक ढालसिंह साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गई। रेड कार्रवाई के दौरान कुल 9 जुआरियों को मौके से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से नगद राशि 7,330 रुपए, 8 मोबाइल फोन, 7 मोटर साइकिल बरामद किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम, 2022 की धारा 03 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत कार्रवाई की गई है। साथ ही आरोपियों के विरुद्ध पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के अंतर्गत कार्रवाई करते कार्यपालिक मजिस्ट्रेट राजनांदगांव के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

गांव के मिनी स्टेडियम में कुछ लोग एकत्र होकर जुआ खेल रहे थे। जिसकी सूचना पुलिस को जैसे ही मिली, पुलिस ने मौके पर दबिश देकर जुआ खेलने के 9 आरोपियों को पकड़ा। जिनसे नगदी रकम, मोबाइल एवं वाहन जब्त किया गया है।

**8 मोबाइल व 7 मोटर साइकिल बरामद:** पुलिस ने आरोपी यशवंत यादव 26 वर्ष निवासी संजय नगर, मिथिलेश हिरवानी 48 वर्ष निवासी सिंघोला, संदीप साहू 28 वर्ष सिंघोला, शेखर साहू 22 वर्ष सिंघोला, संजू साहू 27 वर्ष सिंघोला, शैलेंद्र साहू 30 वर्ष सिंघोला, तामेश्वर साहू 29 वर्ष सिंघोला, प्रमोद साहू 39 वर्ष लखोली, रवि जैन 29 वर्ष सिंघोला पकड़े गए।

# राजनांदगांव में गूंजा नवकार महामंत्र... हजारों कंठों से निकली शांति की स्वर लहरियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



विश्व नवकार मंत्र दिवस के अवसर पर जेएलडब्ल्यू एवं जेबीएन के संयुक्त तत्वावधान में राजनांदगांव शहर में सामूहिक नवकार महामंत्र जाप का अत्यंत भव्य एवं दिव्य आयोजन किया गया। इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में जैन समाज के साथ-साथ अन्य समाज के लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की।

कार्यक्रम की एक उल्लेखनीय विशेषता यह रही कि शहर के अनेक विद्यालय अपने विद्यार्थियों सहित इसमें सम्मिलित हुए। इससे बच्चों में आध्यात्मिकता, संस्कार एवं नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता का सुंदर संचार हुआ। संपूर्ण आयोजन आपसी एकता, सौहार्द्र एवं श्रद्धा का प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आया। जेआईटीओ के माध्यम से लगभग 3000 लोगों को भगवान महावीर के सिद्धांतों एवं उनके अमूल्य संदेशों का पुनः स्मरण कराया गया। जिसने उपस्थित सभी जनों को आत्मचिंतन एवं धर्म के मार्ग पर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का वातावरण भक्ति, शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा से ओत-प्रोत रहा। एक साथ नवकार महामंत्र का जाप करते सभी ने अद्भुत आध्यात्मिक अनुभूति का अनुभव किया।

### जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति

इस अवसर पर कलेक्टर जितेन्द्र यादव, एडमिनिस्टर कलेक्टर श्रीमती शीतल, सकल जैन श्री संघ के अध्यक्ष विनय दद्दा, पूर्व महापौर नरेश डाकलिया, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों एवं सहभागियों ने नवकार महामंत्र की महिमा को समझते इसे अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## नया सिस्टम: वन टाईम लॉक लगाकर भेजे गए हिंदी के प्रश्नपत्र

# राजस्व अधिकारी की निगरानी में केंद्राध्यक्ष लेंगे प्रश्नपत्र, केंद्र तक छोड़ने आएगी पुलिस की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



प्रदेशभर में आज दोबारा 12वीं बोर्ड की हिंदी परीक्षा आयोजित की जा रही है। पहली दफा आयोजित परीक्षा में पेपर लीक की शिकायतों के बाद आयोजित की जा रही इस परीक्षा को लेकर माशिम ने अधिक सतर्कता बरती है। इस बार जहां केंद्र अध्यक्षों को राजस्व अधिकारियों की उपस्थिति में पेपर लेने कहा गया है। वहीं पुलिस टीम स्कूल तक प्रश्नपत्र छोड़ने केंद्राध्यक्ष के साथ आएगी। इसके अलावा पहली दफा प्रश्नपत्र को वन टाइम लॉक लगाकर भेजा गया है, जिसे खोलने से लेकर उसे जमा करने तक की पूरी प्रक्रिया सही तरीके से केंद्र अध्यक्षों को करनी होगी।

उल्लेखनीय है कि मार्च महीने में माशिम द्वारा 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षा आयोजित की गई थी। इसके तहत 14 मार्च को 12वीं कक्षा की हिंदी विषय की परीक्षा ली गई थी। इसके बाद 15 और 16 मार्च को सोशल मीडिया और कुछ समाचार पत्रों में हिन्दी विषय के सेट बी का प्रश्नपत्र लीक होने के दावे सामने आए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच के लिए साइबर थाने में लिखित सूचना देकर एफआईआर भी दर्ज कराई गई। इसके बाद मंडल की परीक्षा समिति की बैठक 23 मार्च को आयोजित की गई। जिसमें जांच के आधार पर परीक्षा निरस्त करने का निर्णय लिया गया। जिसके बाद अब कल 10 अप्रैल को दोबारा परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।

### पहली बार वन टाईम लॉक

हिंदी विषय का प्रश्नपत्र लीक होने की शिकायतों को देखते हुए अब माशिम ने अधिक सतर्कता बरतना शुरू कर दिया है। यही कारण है कि आज होने वाली परीक्षा के लिए भेजे गए प्रश्नपत्र के सेट को वन टाइम लॉक लगाकर भेजा गया है। खास बात यह है कि इस लॉक को आज ही सुबह राजस्व अधिकारी की उपस्थिति में केंद्र अध्यक्ष खोलेंगे। वहीं लॉक को खोलने के बाद उसे जिला शिक्षा विभाग के परीक्षा डिपार्टमेंट में जमा कराना होगा। उस लॉक को शिक्षा महकमा सीलबंद कर वापस माशिम को भेजेगा।

### 88 केंद्रों में होगी परीक्षा

आज 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को दोबारा हिंदी विषय की परीक्षा देने आना होगा। जिले में कुल 88 केंद्रों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिसमें लगभग 9 हजार 4 सौ परीक्षार्थी शामिल होंगे। हर परीक्षा केंद्र में छात्रों की एंट्री से पहले ही विशेष जांच की जाएगी। जिससे नकल रोका जा सके। उड़नदस्ता दल का भी गठन कर लिया गया है।

WE ARE HIRING

Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER

Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City

We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026

हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया पुतला दहन

**मानपुर।** असम के मुख्यमंत्री व्दारा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे खिलाफ की गई टिप्पणी के विरोध में युवा कांग्रेस कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड में नारे बाजी कर युकां जिलाध्यक्ष मनीष निर्मल के नेतृत्व मे प्रदर्शन किया।



कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खडगे जी के खिलाफ अपमानजनक भाषा के प्रयोग करने की निंदा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री घबरा कर कांग्रेस नेताओं को डराने की कोशिश कर रहे है। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर पुतला दहन किया। इस दौरान राजु पोटाई, उपेंद्र मिश्रा, सुरेश गंधर्व, अबिद खां, अजित खान, प्रकाश विश्वास, सुरज बघेल, तनुज मंडल, सागर सिन्हा, मोनु मंडावी, आलोक हुपेडी, देवा सारथी, छोटु खान, भुरु यादव, अरबाज खां, पुनम पटेल, अरिहंत जैन आदि उपस्थित थे।

### सीसी रोड का भूमिपूजन

**छुरिया।** ग्राम बादराटोला के वार्ड क्रमांक 5 एवं 6 में 4 लाख की लागत से बनने वाली सीसी रोड का भूमिपूजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव थी। इस दौरान जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, हिरेन्द्र साहू, रविन्द्र वैष्णव, बोधन साहू, हिरदेराम देवांगन, राजेश्वर धुर्वे, टुमेश साहू, चोवाराम साहू के अलावा सरपंच महेश सोनवानी, लिमेश उइके, पुष्पा देवांगन, निर्मला शर्मा, ननकी चंद्रवंशी, भूखीबाई चंद्रवंशी, ईश्वरी चंद्रवंशी, खेमिन साहू, खेमबाई मुटघरे, इमला बाई चंद्रवंशी, द्रोपती चंद्रवंशी, कविता मंडावी मौजूद थे।



### लैब एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण की मांग

**खड़गांव।** ग्राम में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में कक्षा पहली से 12वीं तथा हिन्दी माध्यम में कक्षा 9वी से कक्षा 12.वी तक कक्षाएं है। यहां कुल 586 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। आत्मानंद स्कूल खुलने के बाद दर्ज संख्या में वृद्धि होने के कारण कक्षाएं संचालित करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय में विज्ञान, भौतिकी एवं रसायन शास्त्र के लिए पृथक-पृथक लैब का अभाव है। व्यावसायिक शिक्षा के लिए कक्ष नहीं है। सुविधा के अभाव में अच्छी शिक्षा संभव नहीं हो पा रहा है। अंचल के पंचायत प्रतिनिधियों ने गत दिनों जिलाधीश को ज्ञापन सौंपकर विषयवार लैब एवं दो अतिरिक्त कक्ष निर्माण कराने की मांग की है।

### बच्चों को खिलाया गुपचुप-आइसक्रीम



**रूवातला।** प्राथमिक शाला रूवातला में पदस्थ सहायक शिक्षिका नीतू वर्मा ने अपने जन्मदिवस पर शाला के लगभग 175बच्चों को गुपचुप, आइसक्रीम और चॉकलेट खिलाया। श्रीमती वर्मा प्रतिवर्ष अपने जन्मदिन पर बच्चों को अलग अलग व्यंजन खिलाती हैं। इस दौरान प्रधानपाठक लूनकरण वर्मा, बंदिश नेमपाण्डे, आरके साव, संध्या गोस्वामी, प्रतीक्षा दास, भारती देशमुख, प्रीतलाल साहू, प्रेमचंद वर्मा, अमीन कुरैशी, राजेंद्र कुमार साहू लोकमती वर्मा आदि उपस्थित थे।

### कथा वाचक से लिया आशीर्वाद



**डोंगरगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक चिन्मयानंद बाबू महाराज से कुनकुरी में नगर पंचायत लाल बहादुर नगर के अध्यक्ष देवेन्द्र साहू ने मुलाकात कर आशीर्वाद लिया।

### खाद्य सामग्री के दाम बढ़े

**डोंगरगढ़।** गैस किल्लत के बाद होटल- ढाबा संचालकों ने खाने के समानों की कीमत बढ़ा दिया है। शहर की कई होटल और ढाबों में पैक खादय समाग्री बेचा जा रहा है जिसमें न एक्सपायरी डेट अंकित है और न मात्रा का उल्लेख है। कई मिठाई दुकानदार मिठाई आदि की थोक में सप्लाई कर रहे है जिसमें मिलावट होने की आशंका है। गोल बजार की एक मिठाई दुकान जिसने वर्तमान में अपनी दूसरी संस्था भी खोली है। यहां खुद के द्वारा तैयार समाग्री बेची जा रही है। पूर्व में जिला खादय अधिकारियों ने दुकान में छापा मारा था किन्तु राजनितिक दबाव कर मामले को रफादफा कर दिया गया।

### प्रशिक्षण महाअभियान का समापन

**डोंगरगढ़।** शहर भाजपा मंडल के नेतृत्व में 2 दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, खूबचंद पारख, सचिन बघेल, महापौर मधुसूदन यादव, रामजी भारती, विनोद खांडेकर, दिनेश गांधी, मनीष गोलछा, शशिकांत द्विवेदी, रविन्द्र वैष्णव, सुरेंदर सिंग बन्नोआना, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, सुनील जैन, प्रकाश चौरड़िया, प्रदीप बाघ, महेंद्र भाई पटेल, हरविंदर एस मंगे, कुलवंत कक्कड़,अमित जैन, वीरेंद्र सोनी, संतोष चोपड़ा, तुलसी मिश्रा, तरुण हथेल, विजेंद्र ठाकुर, मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बंनोआना, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, विनय बंसल, विनीत यादव, सविता दरगड, सुषमा कोठारी, सुमित मिश्रा, वत्सला श्रीवास्तव, अचला ठाकुर, पप्पू नामदेव, लक्ष्मी यादव, आकाश राजपूत, अलका सहारे, अनिता इंदुलकर, कैलाश सोनवानी, मुकुंद कंडरा, सरफराज खान, नागेंद्र परिहार, चितरंजन साहू, रामकुमार डड़सेना, अनिल लांजेवार आदि शामिल हुए।



## पालिका ने दिया अतिक्रमण हटाने का निर्देश, गहराया विवाद

# पालिका ने मर चुके व्यक्ति के नाम पर जारी किया नोटिस

## कार्यप्रणाली पर लोगों ने उठाया सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर पालिका की कार्यप्रणाली को लेकर शहर में विवाद गहराते जा रहा है। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बीच कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका का घेराव किया।

जानकारी के अनुसार करीब 21 वर्ष पहले दिवंगत हो चुके लखन लाल यादव के नाम से अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी किया गया है। कमल किशोर यादव ने बताया कि उसके पिता का निधन 2004 में हो चुका है, इसके बाद भी पालिका प्रशासन ने बिना जांच-पड़ताल करे नोटिस जारी कर दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी जमीन निजी से आवागमन बाधित नहीं हो रहा, फिर भी उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है।



### द्वेषवश कार्रवाई

इस मामले को लेकर कांग्रेस नेताओं ने पालिका प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री विजय राज सिंह चैहान ने कहा कि यह कार्रवाई राजनीतिक द्वेष से प्रेरित है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेसी पार्षद से जुड़े परिवार को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने वार्ड का निष्पक्ष सीमांकन करा कर अतिक्रमण हटाने की समान रूप से कार्रवाई की जाए।

### त्रुटिवश जारी नोटिस

मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिलेंद्र भोई ने मामले को लेकर सफाई देते हुए कहा कि संबंधित क्षेत्र में सड़क निर्माण प्रस्तावित है। वहां एक खतरनाक अंधा मोड़ होने के कारण दुर्घटना होने की आशंका है इसी कारण अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। उन्होंने मृतक के नाम नोटिस जारी होने को मानवीय त्रुटि बताते हुए कहा कि सभी पहलुओं की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### लोगों में आक्रोश

वार्ड 23 शिवाजी के रहवासियों ने अतिक्रमण को लेकर पालिका में शिकायत की है। आने वाले दिनों में वार्डवासी इस मुद्दे को लेकर एसडीएम कार्यालय भी पहुंच सकते हैं। फिलहाल यह मामला प्रशासनिक लापरवाही, अतिक्रमण और राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के बीच उलझता नजर आ रहा है। अब देखना होगा कि जांच के बाद पालिका प्रशासन क्या कदम उठाता है।

## सीएमओ से मिले वार्डवासी



वार्ड 22 एवं 23 के वार्डवासियों ने सीएमओ खीरेंद्र भोई से मुलाकात कर शहीद द्वार से चौथना खार तक बन रही सड़क में गज्जी लोहार से आनंद किराना तक अतिक्रमण के कारण आवागमन बाधित होने की समस्या से अवगत कराया। यहां से एम्बुलेंस, मोबाइल मेडिकल यूनिट गुजर नहीं पाती जिसके कारण वार्डवासियों सुविधा से वंचित होना पड़ता है।

इस मार्ग से पहले बस गुजरा करती थी किन्तु अब स्कूल बस नहीं निकल पाती। इस मार्ग पर अंधा मोड होने के कारण दुर्घटना की आशंका रहती है। मोड़ के थोड़ा आगे पत्थर होने से कई लोग चोटिल हो गए है।कई गाड़ियों में स्क्रैच आ गए है। वार्डवासियों एवं नपा सभापति सुमित ताम्रकार के प्रयासों से सड़क डामरीकरण की स्वीकृति प्राप्त हुई है। मोहल्लेवासीयो ने सीएमओ से मुलाकात कर अपनी समस्या बताते हुए अतिक्रमण हटाने को लेकर ज्ञापन सौंपा है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष जसमीत बन्नोआना, पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, सर्फू भैया, लक्ष्मी यादव, सुमित ताम्रकार, आनंद मिश्रा, रमाकांत ठाकुर, कमलेश विजयवार, विकास सहारे, शेखर विश्वकर्मा, अक्षय यदु, सत्यम यादव, पप्पू राजपूत, गोविंद सोनी, सुरेश बहकर, राजेश सहारे, राजेश वर्मा, सचिन वर्मा, प्रवीण शुक्ला, राम यदु, अमित यादव, राहुल वर्मा, अवनीश ठाकुर, ललित शर्मा, योगेश देवांगन, नागेश कंडरा, गुने वर्मा, तुमेश वर्मा, विजित विजयवार आदि उपस्थित थे।

## पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

गायत्री परिवार के जन्म शताब्दी संकल्प कार्यक्रम अंतर्गत चलाए जा रहे यज्ञ अभियान के तहत चिखला मटिया में संगीतमय पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया।

जिला प्रमुख जयप्रकाश सिन्हा ने वैदिक मंत्रोच्चार के माध्यम से देवी देवताओं एवं यज्ञ प्रधान देव शक्तियों का आव्हान किया। तत्पश्चात पांच कुंडीय यज्ञ में महिला- पुरूषों ने आहुतियां दी।

चार माताओं का पुंसवन संस्कार संपन्न हुआ। शाम को संगीतमय गायत्री दीप महायज्ञ किया गया। गीता राम साहू एवं साथियों ने युग संगीत प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात मुख्य वक्ता श्री सिन्हा ने युग ऋषि का संदेश का वाचन किया।

दीप प्रज्वलित कर भारत माता एवं गायत्री माता की आरती की गई। आयोजन में बुंदेश्वरी साहू, डॉ दिग्विजय साहू, डाकेश्वर भुआर्य, धसिया मानकर, दिनेश मानकर, विनोद सेन, गोकुल यादव, विनायक लटिया, गणेश बढ़ाई, चुम्मन भुआर्य, कन्हैया चुरेंद्र एवं भगत पोंगरा ने योगदान दिया।



## देवी दर्शन करने पहुंचे अध्यक्ष लोकेश कावड़िया

**डोंगरगढ़।** राज्य दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया ने अपने प्रवास के दौरान मां बमलेश्वरी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। दर्शन उपरांत उनका भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर हरविंदर एस. मंगे, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, कैलाश तिवारी, ट्रस्टी प्रकाश बिंदल, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, संतोष राव, विरेन साहू, गिरीश साहू, मयंक डोंगरे, परविंदर सिंह, अखिलेश गढ़वाल, अमित बॉस, अनमोल बागड़े सहित अन्य उपस्थित थे।

## प्रांतीय महासभा में पेंशन के लिए पूर्व सेवा गणना की मांग हुई बुलंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

■ विधायक मिश्रा शिक्षकों को दिया आश्वासन

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन की प्रांतीय महासभा का आयोजन रायपुर में किया गया। मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा थे। अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने की।

महासभा में प्रदेश भर के पदाधिकारियों और शिक्षकों ने प्रथम नियुक्ति से पेंशन की एक सूत्रीय मांग को लेकर आवाज उठाया। मुख्य अतिथि श्री मिश्रा ने शिक्षकों की मांगों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि वह पेंशन संबंधी मांग को मुख्यमंत्री तक पहुँचाएंगे। उन्होंने शीघ्र ही एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात मुख्यमंत्री से कराने का



### महासभा में शामिल हुए पदाधिकारी

प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा और गोपी वर्मा ने मुख्य अतिथि को मांग पत्र सौंपते हुए पेंशन व्यवस्था की व्यथा साझा की। जिलाध्यक्ष गोपी वर्मा ने भी शिक्षकों की जायज मांगों को प्रमुखता से रखा। महासभा में शिक्षामंत्री के टीईटी को लेकर दिए गए बयान का स्वागत किया गया। महासभा में संभाग प्रभारी शैलेन्द्र यदु, हंसकुमार मेश्राम, मनोज वर्मा, कमलेश देवांगन, मनीष सोनी, अनिल शर्मा, पंकज यादव, सुनील वर्मा, गिरीश हिरवानी, दिनेश कुरेटी, चुम्मन देवांगन, लुकेश वर्मा, प्रदीप वर्मा, ईश्वर वर्मा, तिलेश्वर वर्मा, युगल वर्मा, प्रह्लाद वर्मा, राकेश वर्मा, प्रमोद सिदार, मनोज साहू आदि शामिल हुए।

## नगर अध्यक्ष ने प्रशासन से समाधान का किया आग्रह

# बैठक में उठी नगर एवं क्षेत्र की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में नगर एवं क्षेत्र से जुडी समस्याओ के निराकरण के लिए प्रखरता से आवाज उठी। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने विकास के मुद्दों के अलावा खाद्यान्न वितरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं स्वास्थ्य सुविधाओं में बरती जा रही लापरवाही एवं जनता को हो रही परेशानियों को प्रमुखता से उठाया।

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समितिकी बैठक सोमवार को सांसद संतोष पांडे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में विधायक इन्द्रशाह मंडावी, भोलाराम साहू, जिपं अध्यक्ष नम्रता सिंह, नपं अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, जिपं उपाध्यक्ष भोजेष शाह सहित नामांकित सदस्य राजू टांडिया, आशीष द्विवेदी आदि शामिल हुए। करीब ढाई घंटे चली बैठक में कलेक्टर तुलिका प्रजापति, एसपी वाईपी सिंह, डीएफओ दिनेश पटेल, जिला पंचायत सीईओ भारती चन्द्राकर सहित अन्य विभागों के प्रमुख शामिल हुए।

बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष मानिकपुरी ने नगर एवं ब्लाक की प्रमुख समस्याओं को सामने रखते हुए जिला प्रशासन एवं सांसद से निराकरण की मांग की। उन्होंने बताया कि नगर एवं ब्लाक के ग्रामीण परिवारो को खाद्यान्न के लिए भटकना पड रहा है। केवाईसी होने के बाद भी ग्रामीण सोसायटी में चक्कर काट रहे है। उन्हे खाद्यान्न नही मिल रहा है। सैकडो परिवारों को महंगे में बाजार से अनाज खरीदना पड रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने खुलासा कियप्कि कई स्थानो में सोसायटी संचालक केवाईसी नहीं कर रहे है। कुछ स्थान तो ऐसे हैं जहां संचालक समूह अपनी सोसायटी को किराए पर देकर अन्य खाद्यान्न वितरण करा रहे हैं।




### चार माह से नहीं मिल रही पेंशन

समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान अध्यक्ष मानिकपुरी ने बताया कि निकाय के सैकडों सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों को पिछले तीन- चार माह से पेंशन नहीं मिल रही है। अधिकारियो से संपर्क करने पर राशि नहीं आने की बात कही जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले में हजारो लोग ऐसे हैं जो निराश्रित, विधवा एवं समाजिक सुरक्षा पेंशन के भरोसे जीवन यापन करते है। इन लोगों को पेंशन नहीं मिलने से परेशानियां बढ गई है।

### पीएम आवास की किस्त अटकी

बैठक में पीएम आवास की किश्त अटकने का मुद्दा भी जोर शोर से गूंजा। नगर अध्यक्ष मानिकपुरी ने बताया कि निकाय अंतर्गत पीएम 1-0 की किश्त अटकी है । नगर में कई हितग्राहियों को तीसरी एवं चौथी किश्त नहीं मिली है। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में भी किश्त का भुगतान समय पर नही हो पा रहा है।

### सौंदर्यीकरण, एनीकट की सफाई की मांग

बैठक में शिवनाथ नदी पर निर्मित एनीकट की सफाई कराने की मांग की। नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बताया कि दो दशक से अधिक समय से एनीकट की सफाई नही हुई है। उन्होंने एनीकट के सौंदर्यीकरण, नगर का जल स्तर बढाने एवं समूह जल आवर्द्धन योजना के क्रियान्वयन के लिए एनीकट की सफाई कराने पर जोर दिया। नगर अध्यक्ष ने बताया कि निकाय की ओर से शिवनाथ एनीकट में चैपाटी निर्माण प्रस्तावित है।

## क्षेत्र की सड़कें जर्जर ग्रामीणों में आक्रोश

**जेवरतला रोड।** गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले केंवट नवागांव, गोडर्मरा और आसपास के कई गांवों की सड़कें बदहाल हो गई हैं। हालत इतनी खराब है कि कई मार्गों पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की जर्जर स्थिति के कारण हादसे का खतरा बना हुआ है। जानकारी के अनुसार केवट नवागांव से फरदफोड़, रीवागहन से गणेश खपरी, देवरी से खपराभाट, खैरा से गहिरानवागांव, राघोनवागांव पहुंच मार्ग तथा गहिरानवागांव से रीवागहन तक सड़क पूरी खराब है। इन मार्गों पर गड्ढों और उखड़ी सड़क के कारण आवागमन करना कठिन हो गया है। गोडर्मरा के जीवनंदन, लक्ष्मण महतेल, सरपंच पुनीत राणा, नरेंद्र वर्मा, हनुमान देशमुख, हरिनारायण देशमुख, यादराम साहू, भागवत नायक, अशोक यादव, हृदय राम साहू, गोवर्धन देशमुख, गजानंद देशमुख और बोधी यादव सहित अन्य ने सड़कों का जीर्णोद्धार कराने की मांग की है।



### राशि मंजूर फिर भी निर्माण नहीं

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि केवट नवागांव से फरदफोड़ मार्ग के निर्माण के लिए 22 सितंबर 2023 को 9 करोड़ 91 लाख 40 हजार की प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है, लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। उनका आरोप है कि यह परियोजना राजनीतिक खींचतान की भेंट चढ़ गई है।

## किसान मोर्चा की बैठक आयोजित

**डोंगरगढ़।** प्रदेश किसान मोर्चा मंत्री मूलचंद लोधी, जिला अध्यक्ष दादूराम सोनकर, उपाध्यक्ष आनंद साहू, हरि गोविंद विजयवार, रमेश सोनवानी, प्रतिभा भंडारी ने मंडल भाजपा किसान मोर्चा की बैठक ली। बैठक में किसानों की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में रामकुमार डड़सेना, अजय शर्मा, लोकेश इंदुलकर, मयंक डोंगरे, अनीता इंदुरकर, रूपेंद्र इंदुरकर, चितरंजन साहू, अक्षय यादव, लक्ष्मी यादव, ललित शर्मा, आकाश राजपूत, संतोष देवांगन, सतीश यादव, सोमांशु, गजेंद्र, राजकुमार आमडारे, पुष्प यादव, गौरव विजयवार, युवराज तेलकर, नितिन वर्मा, रोशन लाऊत्रे उपस्थित थे।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सफाई व्यवस्था चरमराई

**डोंगरगढ़।** सरकारी अस्पताल में लापरवाही के चलते सफाई



व्यवस्था का बुरा हाल है वहीं चौकीदार के भरोसे विभागीय कार्यों का संपादन किया जा रहा है। अछोली में करोड़ों की लागत से अस्पताल का निर्माण किया गया है। कहा जा रहा था कि यहां उपचार की पर्याप्त सुविधा मिलेगी किंतु अस्पताल का संचालन भगवान भरोसे किया जा रहा है। अस्पताल परिसर के सामने पार्किंग सुविधा होने के बाद भी मुख्य गेट पर वाहन खडे रहते है। पार्किंग की जगह पर कचरा फेंका जा रहा है। अस्पताल की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। यहां पहुंचने वाले मरिजो को समय पर न ओपीडी पर्ची मिलती है और न उपचार करने वाले डॉक्टर। अस्पताल के एक बाबू को मूल कार्य से हटाकर एक चपरासी के माध्यम से उसका काम कराया जा रहा है। जीवनदीप समिति की बैठक में होने वाले निर्णय कागजो में सिमट कर रह गए है।

### जिले के नागरिकों को कराई जाएगी तीर्थयात्रा

**राजनांदगांव।** श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना के तहत जिले के 18 वर्ष या 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग एवं 75 वर्ष से कम आयु वर्ग के 91 नागरिकों को 29 अप्रैल से 2 मई 2026 तक अयोध्या धाम की यात्रा करायी जाएगी। यात्रा के संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय जिला पंचायत से प्राप्त की जा सकती है।

### सड़क किनारे लगे पेड़ों को किया जा रहा आग के हवाले

# साजिश की आग में खाक हो रही हरियाली

## हरित संहार पर जिम्मेदार विभाग मौन, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए करोड़ों खर्च कर वृक्षारोपण अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर गंडई-दुर्ग और खैरागढ़ मार्ग पर साज़िश की आग सुलग रही है। करीब 10 साल पहले कड़ी मशक्कत और भारी-भरकम बजट से सड़क के दोनों किनारों पर जो पौधे रोपे गए थे, वह अब वृक्ष बनकर राहगीरों को छाया दे रहे थे। इन हरे-भरे पेड़ों को अज्ञात तत्वों द्वारा आग के हवाले कर नष्ट किया जा रहा है। विडंबना यह है कि महीनों से चल रहे इस हरित संहार पर संबंधित जिम्मेदार विभाग ने मौन साध रखा है, जिसे ग्रामीण उनकी मौन सहमति मान रहे हैं।

पेड़ों को नष्ट करने का तरीका रूह कंपा देने वाला है। अज्ञात अपराधी पेड़ों की जड़ों के पास आग लगा देते हैं, जिससे हरा-भरा पेड़ झुलसकर सूख जाता है। जब पेड़ पूरी तरह सूख जाता है, तो उसे काटकर उसका नामो-निशां मिटा दिया जाता है। यह सिलसिला पिछले कुछ सालों से अनवरत जारी है। वर्तमान में धोधा चौक से गंडई तक दो दर्जन से अधिक पेड़ आग की कालिख लिए सूखे खड़े हैं, जो किसी भी वक्त गायब हो सकते हैं।

### गायब हो जाएंगे पेड़

गर्मियों के मौसम में यह पेड़ राहगीरों और बेजुबान पशुओं के लिए एकमात्र सहारा होते हैं। राजस्व विभाग और वन विभाग ने समय रहते नकेल नहीं कसी, तो वह दिन दूर नहीं जब यह मुख्य मार्ग पूरी तरह वृक्षविहीन हो आएगा। ग्रामीणों ने मांग की है कि दोषियों को चिन्हित कर उन पर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए और नष्ट हुए पेड़ों के स्थान पर तत्काल नए पौधे लगाए जाएं।





### 100 से अधिक वृक्षों की बलि

सूत्रों के अनुसार धोधा चौक से गंडई के बीच अब तक 100 से अधिक पेड़ों को योजनाबद्ध तरीके से खत्म कर दिया गया है, जो पेड़ पहले काटे जा चुके हैं, वहां अब अवशेष तक नहीं हैं। दुर्ग रोड़ ही नही बल्कि गंडई से खैरागढ़ मार्ग पर भी बेधड़क कटाई जारी है। इस मार्ग पर बढ़ते व्यवसायिक परिसर निर्माण और मकानों के सामने आने वाले पेड़ों को रातों-रात काटकर साफ़ किया जा रहा है, जिससे सड़क की सुंदरता और छाया खत्म हो रही है।

### अतिक्रमण की भेंट चढ़ रही हरियाली

आशंका है कि सड़क किनारे स्थित खेतों के मालिक अपने रकबे को सड़क की ओर बढ़ाने के लालच में इन पेड़ों को निशाना बना रहे हैं। इसके अलावा कुछ कबाड़ी और फेरी लगाने वाले भी लकड़ियों के चक्कर में हरे वृक्षों को सम्भवतः आग लगा रहे है। कुछ रसूखदार लोग अपने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के सामने से छायादार पेड़ों को हटाकर रास्ता साफ़ करने में जुटे हैं।

#### कार्रवाई होगी

सड़क का किनारा किसके अधिकार में आता है यह दिखवाना पड़ेगा। जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही किया जाएगा।
- **अविनाश ठाकुर,** एसडीएम

#### कृत्य नुकसानदायक

सड़क के किनारे के वृक्षों को आग के हवाले किया जा रहा है, जो पर्यावरण के लिए नुकसानदायक है। सम्बंधित विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर रोक लगाने और जलाए गए वृक्षो की पूर्ति के लिए पौधा रोपण करने कहा जाएगा।- **मन्नू चंदेल,** ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष

#### समझे जिम्मेदारी

जागरूकता का विषय है। हर व्यक्ति को पेड़ो का महत्व समझना होगा। सरकार एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाकर पेड़ लगा रही है ऐसे में पेड़ो की जड़ो पर आग लगाना निंदनीय है।
- **प्रियंका खम्हन ताम्रकार,** जिपं अध्यक्ष

#### निंदनीय कृत्य

सड़क किनारे लगे वृक्ष इंसान एवं बेजुबान जानवरों को राहत पहुंचाते है ऐसे में इन वृक्षो को आग में जलाकर नष्ट करना निंदनीय है। प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए। - **गौतमचंद जैन,** वरिष्ठ नागरिक

# स्वच्छता अभियान चलाकर दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

■ भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस पर गांव चलो, घर चलो अभियान अंतर्गत कार्यक्रम

भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस पर गांव चलो, घर घर चलो अभियान अंतर्गत बाजार अतरिया मंडल द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके डोकरा भाठा शक्ति केंद्र के अलावा ग्रापं केशला में सक्रिय रूप से जनसंपर्क किया गया। मुख्य चौक स्थित गुरु घासीदास बाबा के जैतखंभ, शीतला मंदिर और भगवान शिव मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस दौरान जन चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें भारतीय जनता पार्टी की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। ग्राम के बुजुर्गों व प्रधानमंत्री आवास और महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री शशांक ताम्रकार, मंडल अध्यक्ष देवकुमार सेन, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष केशव चंदेल, मंडल उपाध्यक्ष विष्णु साहू, जिपं सभापति जमुना नरेश कुर्रे, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री गणेश वर्मा, भाजयुमो जिला महामंत्री प्रेम सागर गुप्ता, रामकुमार जोशी, लालाराम वर्मा, मंडल महामंत्री मुकेश वर्मा, शिवांश बहादुर सिंह,आशीष पारख, पूर्व जिपं सदस्य टीकम वर्मा, सूरज वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

# सीएमओएच के बयान पर बवाल

**राजनांदगांव।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा एवं पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री के संयुक्त तत्वावधान में कलेक्टर राजनांदगांव को मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमएचओ) के खिलाफ विस्तृत शिकायत सौंपी गई। शिकायत में सीएमएचओ द्वारा सोशल मीडिया पर देर रात की गई कथित गैरजिम्मेदाराना एवं असंवेदनशील टिप्पणी को गंभीर बताया गया है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि पूर्व में जिला अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी एवं अव्यवस्थाओं को लेकर प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई थी। इस गंभीर विषय पर संज्ञान लेने के बजाय सीएमएचओ द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से पूर्व पार्षद को स्वयं अस्पताल जाकर डॉक्टर खोजने की सलाह देना प्रशासनिक संवेदनहीनता को दर्शाता है। मामले के बाद युवा नेताओं द्वारा जिला अस्पताल का निरीक्षण किया गया। जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति अत्यंत चिंताजनक पाई गई। अस्पताल में टीबी विशेषज्ञ सहित कई महत्वपूर्ण विभागों में डॉक्टरों की भारी कमी है। स्वीकृत सेटअप के अनुरूप स्टाफ उपलब्ध नहीं होने से मरीजों को समुचित उपचार नहीं मिल पा रहा है।

पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने कहा कि जब जिम्मेदार अधिकारी ही इस प्रकार की टिप्पणी करेंगे, तो जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं कैसे मिलेंगी? जिला अस्पताल की स्थिति शासन-प्रशासन के दावों की पोल खोलती है।



### स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ उचित नहीं

युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष संदीप सोनी ने कहा कि जनता के स्वास्थ्य के साथ इस प्रकार का खिलवाड़ उचित नहीं है। यदि सुविधाओं और डॉक्टरों की कमी है, तो उसे स्वीकार करते सुधार करना चाहिए, न कि सोशल मीडिया पर इस तरह की प्रतिक्रिया देना चाहिए। अंत में कलेक्टर से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच व कार्रवाई एवं जिला अस्पताल व मातृ-शिशु अस्पताल की व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार की मांग की गई। इस दौरान डोंगरगांव यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष संदीप डहरे, प्रदेश सचिव राजा यादव, ब्लॉक अध्यक्ष संदीप सोनी, शहर कांग्रेस सचिव आशीष साहू, पूर्व ग्रामणी अध्यक्ष राहुल साहू, जय जायसवाल, लक्ष्य सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ज्ञान भारत मिशन के तहत राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान शुरू

## तीन महीने के भीतर पूरा होगा सर्वेक्षण का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में ज्ञान भारत मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान प्रारंभ किया गया है। अभियान तहत जिले में पांडुलिपि संग्रह के संभावित केन्द्रों का चिन्हांकन व सर्वेक्षण का काम तीन महीने के भीतर पूरा किया जाएगा। सर्वेक्षण में संस्कृत महाविद्यालय, निजी व शासकीय पुस्तकालय, संग्रहालय, शिक्षण व शोध संस्थान, संस्कृत पाठशालाएं, मंदिर, मठ, आश्रम, गुरूकुल, ट्रस्ट सहित निजी संग्रहकर्ता, पुरोहित, धर्माचार्य, ज्योतिषाचार्य, आयुर्वेदाचार्य सहित संस्कृत व प्राचीन भाषाओं के विद्वानों को शामिल किया जाएगा। सर्वेक्षण कार्य गूगल प्ले स्टोर पर निशुल्क उपलब्ध एप के माध्यम से किया जाएगा जिसमे जिले में पांडुलिपियों से संबंधित जानकारी एकत्रित की जाएगी।

### मास्टर ट्रेनर्स को सौंपी प्रशिक्षण की जिम्मेदारी

ग्राम पंचायत सचिवों को प्रशिक्षण देने जिले में मास्टर ट्रेनर्स नियुक्त किया गया हैं। इनमें पवन ददरिया नोडल पीएम श्री, आत्माराम साहू नोडल समग्र शिक्षा, शिरिष कुमार पांडेय नोडल समग्र शिक्षा, हासिल खान तकनीकी सहायक मनरेगा व मनोज साहू एडीपीएम आरजीएसए शामिल हैं। ये सभी अधिकारी एवं कर्मचारी प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से सचिवों को सर्वेक्षण कार्य की जानकारी देंगे। सभी नियुक्त मास्टर ट्रेनर्स 14 दिवस के भीतर जिले के समस्त ग्राम पंचायत सचिवों का प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा कर प्रतिवेदन जिला पंचायत मे प्रस्तुत करेंगे।

# श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में डॉ. राजन यादव का व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



छुईखदान ब्लाक के खुड़मुड़ी में आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में इंदिरा कला संगीत विवि के प्रो डा राजन यादव का व्याख्यान हुआ। भागवत कथा पूजन, माल्यार्पण बाद आयोजक डॉ उमेंद चंदेल, सरपंच हेमन्त वर्मा ने अतिथि प्रो डॉ राजन यादव व लाल जेके वैष्णव का स्वागत किया।

कथा महत्तम पश्चात शाम को व्याख्यान कार्यक्रम में प्रो डॉ राजन यादव ने जीवन दर्शन के गूढ़ रहस्यों को लोकगीत व छत्तीसगढ़ी भाषा माध्यम से सरल भाषा में समझाया। ईश्वर अवतार प्रसंग में कहा कि रामकथा की जड़ें बहुत गहरी है। सनातन समाज में जन्म से लेकर मरण तक राम और उनकी कथाएं जीवन में घुलमिल गए हैं। लोक और शास्त्र दोनों रूप में, चौपाल से लेकर विश्वविद्यालयों तक रामकथा जीवन में समाई हुई है।

लाल जेके वैष्णव संरक्षक रानी मंदिर ने गृहस्थ मनुष्यों के जीवन में गृहस्थी चलाने कर्म की प्रधानता को बताते हुए कर्म करने के साथ ही भक्ति भाव पूर्वक भगवत पूजन व भगवान श्री राम, श्री कृष्ण नाम जप के महत्व को रेखांकित किया। व्याख्यान बाद राजपुरोहित कथावाचक पं. विपिन तिवारी कथावाचक ने आशीर्वचन के साथ ही प्रो डॉ राजन यादव व लाल जेके वैष्णव का शाल श्रीफल, प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पं रवि प्रकाश मिश्र, मेघनाथ चंदेल, सूर्यकांत चंदेल, नंदकिशोर चंदेल, सहित बड़ी संख्या में भक्तजनों की उपस्थिति रही।

### जिपं कार्यालय भवन की आधारशिला रखेंगे सांसद आज

**खैरागढ़।** सांसद सरोज पांडेय के मुख्य आतिथ्य में आज पिपरिया में जिला पंचायत कार्यालय भवन का भूमिपूजन होगा। सुबह दस बजे आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक यशोदा वर्मा करेंगी जबकि विशिष्ट अतिथियों के रूप मे डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, जिपं अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, खैरागढ़ जनपद अध्यक्ष डॉ राजेश्री त्रिपाठी, नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, छुईखदान जनपद अध्यक्ष पुष्पा वर्मा, जिपं सभापति दिनेश वर्मा, हेमलता मंडावी, भुनेश्वरी देवांगन, ललित चोपड़ा, जमुना कुर्रे, अरूणा सिंह बनाफर, निर्मला वर्मा, शताक्षी सिंह, लखनलाल साहू, डॉ बिशेसर साहू, राजू जंघेल, पूर्व जिपं सदस्य घम्मन साहू, रेडक्रास सोसायटी जिला उपाध्यक्ष भागवत शरण सिंह और खम्हन ताम्रकार उपस्थित रहेंगे।

### गौ सेवा और प्राकृतिक खेती से राष्ट्रीय पहचान बना रहे डॉ. अखिल जैन

**खैरागढ़।** धरमपुरा वार्ड स्थित मनोहर गौशाला के डॉ. अखिल जैन को अमेरिकन पेस यूनिवर्सिटी ने मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया। गौ सेवा, जैविक खेती और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में काम कर राष्ट्रीय पहचान बनाने वाले डॉ जैन ने मनोहर गौशाला के जरिए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया है। उनके कार्यों से हजारों किसान जुड़े हैं और देश-विदेश में इस मॉडल की चर्चा हो रही है। भारत सरकार के पशुपालन मंत्रालय से प्राणी मित्र अवॉर्ड, अहिंसा क्षेत्र में यति यतनलाल सम्मान और इंदिरा गांधी कृषि विवि रायपुर से उन्नत कृषक सम्मान भी मिल चुका है। उन्होंने गोमूत्र आधारित उर्वरक फसल अमृत और गोबर से बनी खाद का बड़े स्तर पर निशुल्क वितरण किया है। इसके जरिए लाखों लीटर उर्वरक और तीन लाख क्विंटल से अधिक मनोहर ऑर्गेनिक गोल्ड खाद किसानों तक पहुंचाई गई। मनोहर गौशाला में पर्यावरण संरक्षण के तहत तालाब, मिनी फॉरेस्ट और गौ आधारित उत्पादों का विकास किया गया है। यहां चंद्रमणि गौ माता चिकित्सालय का निर्माण भी जारी है।

# निर्माण कार्यों की सुस्त गति से कलेक्टर नाराज



**मोहला।** जिला मुख्यालय में चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लेने निकली कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने सुस्त गति को देखकर जमकर नाराजगी व्यक्त किया। उन्होंने ठेकेदारों को नोटिस देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ट्रांजिट हॉस्टल, आईटीआई भवन, सामुदायिक भवन ऑडिटोरियम एवं सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र, डिजिटल लाइब्रेरी सहित अन्य निर्माणाधीन कार्यों का स्थल पर जाकर जायजा लिया। इस दौरान कार्यों की प्रगति गुणवत्ता तथा निर्धारित समय-सीमा का विशेष रूप से मूल्यांकन किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ट्रांजिट हॉस्टल, आईटीआई एवं सामुदायिक भवन ऑडिटोरियम के निर्माण कार्यों में धीमी प्रगति एवं लापरवाही पाए जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित निर्माण एजेंसी एवं ठेकेदारों की कार्यशैली पर असंतोष जताते हुए तत्काल नोटिस जारी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों में और अधिक विलंब या गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### समय पर हो कार्य पूर्ण

सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र, डिजिटल लाइब्रेरी के निर्माण कार्य की प्रगति अपेक्षाकृत संतोषजनक पाई गई। कलेक्टर ने इस कार्य की सराहना करते हुए भी संबंधित एजेंसी को निर्देशित किया कि निर्धारित समय-सीमा का विशेष ध्यान रखते हुए कार्य को शीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि आम जनता को इसका लाभ मिल सके। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह नियमित रूप से निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग करें कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्ध पूर्णता प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### 12 लाख की राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आरबीसी 6-4 के तहत 3 लोगों की मृत्यु होने पर उनके आश्रितों को 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके अंतर्गत डोंगरगांव तहसील के करेठी निवासी समारू राम की पैठू तालाब के पानी में डूबने, राजनांदगांव तहसील के ग्राम मोहबा निवासी निर्मलाबाई सिन्हा की सर्पदंश से एवं डोंगरगढ़ तहसील के देवकट्टा निवासी गजानंद पटेल की सर्पदंश से मृत्यु होने पर 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि उनके आश्रितों को स्वीकृत की गई है।

**आम सूचना**

मेरे कार्यार्थी मो. इब्राहीम मेमन आ. स्व. श्री इस्माईल अहमद निवासी- गोल बाजार वार्ड क्र. 1 खैरागढ़ तहसील - खैरागढ़ जिला- खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.) के निर्देशानुसार एवं प्राधिकृत होकर आम जनता अथवा निजी संस्थान को सूचित किया जाता है कि गुलाम मुस्तफा आ. श्री मोहम्मद भाई निवासी-कसारीडीह वार्ड क. 41 केलाबाड़ी दुर्ग तहसील व जिला- दुर्ग अपने स्वत्व में धारित कृषि भूमि स्थित खैरागढ़ प.ह.नं. 31 रा.नि.मं. खैरागढ़ ख.न. 407/4 हेक्टारे 1.526 को मेरे कार्यार्थी के पास 1,24,00,000/- रु (एक करोड़ चौबीस लाख रूपये) में विक्रय करने का संविदा किया था और अग्रिम राशि 11,00,000/- रू (ग्यारह लाख रूपये) प्राप्त किया था किन्तु शेष 1,13,00,000/- रू (एक करोड़ तेरह लाख रूपये) न लेकर विक्रय पंजीयन नहीं कराया था, पश्चात् मेरे कार्यार्थी द्वारा माननीय जिला अपर न्यायाधीश महोदय खैरागढ़ के समक्ष संविदा के विनिर्दिष्ट पालन हेतु व्य.वा.क. 1अ/2023 प्रस्तुत किया गया था और उक्त वाद को दिनांक 07.04.2026 को निर्णय पारित कर निरस्त कर दिया है। मेरे कार्यार्थी माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर में उक्त निर्णय एवं आज्ञप्ति के विरूद्ध अपील विहित समयावधि अर्थात् 90 दिनों के भीतर करने हेतु प्रक्रिया कर रहा है।

मेरे कार्यार्थी को अपुष्ट सूत्रो से ज्ञात हुआ है कि गुलाम मुस्तफा आ. मोहम्मद भाई द्वारा उपरांकित निर्णय पश्चात् उक्त कृषि भूमि को विक्रय कर विक्रय पंजीयन कराने का प्रयास किया जा रहा है। माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर में अपील प्रस्तुति हेतु नियत अवधि में धारा 52 संपत्ति अंतरण अधिनियम 1882 के अंतर्गत वाद लम्बन का सिद्धांत प्रभावशील रहता है।

अतः आम जनता अथवा निजी संस्थान को इस आम सूचना द्वारा आगाह किया जा रहा है कि उपरांकित भूमि को कोई भी व्यक्ति अथवा संस्थान, गुलाम मुस्तफा से क्रय कर विक्रय पंजीयन न कराये अन्यथा क्रेता सद्भाविक क्रेता की श्रेणी में नहीं माना जावेगा और परिणाम का दायित्व क्रेता का होगा।

स्थान - गंडई
दिनांक - 10/04/2026

(धनराज ताम्रकार)
अधिवक्ता
खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, जिला- केसीजी

### जीराटोला में भी जल संकट, पानी के लिए भटक रहे लोग

# बगदूर में पेयजल एवं निस्तारी की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम पंचायत जीरा टोला का आश्रित ग्राम बगदूर में पेय एवं निस्तारी जल की समस्या दिनों दिन गहराता जा रहा है। यहां लोग सुबह से पानी के लिए जद्दोजहद करते नजर आते हैं। ज्ञात हो कि यहां तीन साल पहले नल जल योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण कराया गया है, जो केवल गांव की शोभा बढ़ा रही है। पानी टंकी में जल भरने के लिए न ही यहां बोर है तथा पाईप लाईन का विस्तार भी आधा अधूरा पड़ा हुआ है। बीते तीन साल में यहां के ग्रामीणों ने विभाग और जनप्रतिनिधियों से गांव में व्याप्त जल समस्या से निजात दिलाने गुहार लगा चुके हैं। बदले में केवल आश्वासन बस मिला। समस्या जस के तस है। गांव में क्रेडा विभाग द्वारा सौर ऊर्जा चलित बोर और टंकी की व्यवस्था कराया गया है, ताकि लोगों को समस्या से कुछ हद तक राहत मिल सकें, परन्तु वह भी साल भर से ठप्प पड़ा हुआ है। पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि इस समस्या से क्रेडा विभाग को कई दफा अवगत कराया जा चुका है। पर विभाग गर्मी शुरू होने तथा समस्या गहराने के बाद भी सुध लेना जरूरी नहीं समझा। नतीजन ग्रामीणों को रोज पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।

### बाड़ियों की सब्जी चौपट

इस गांव में एक बड़ा जनसमुदाय अपने बाड़ी में सब्जी का उत्पादन करते हैं, जो इनके आमदनी का मुख्य स्त्रोत है। अधिकतर लोग कुंआ एवं बोर से सिंचाई करते हैं, परन्तु जल स्तर गिर जाने से फसल में संकट का बादल छा गया है। बिना सिंचाई के सब्जीयों की फसल सुखने लगी है। जिससे यहां के लोगों को आर्थिक संकट का सामना करने की चिंता सताने



### पानी टंकी हो रही जर्जर

इसी तरह जीरा टोला में भी पानी टंकी का निर्माण तीन साल पहले हो चुका है। जिसका उपयोग आज तक नहीं हुआ है, जो उपयोग हुए बिना ही जर्जर हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां नल जल योजना बोर से डायरेक्ट सप्लाई के माध्यम से हो रहा है, परन्तु आधी आबादी में नल-जल पाईप का विस्तार नहीं होने से कुछ मोहल्ला में पानी नहीं पहुंचता है। जहां भी पेय एवं निस्तारी जल की समस्या बढ़ती जा रही है। ग्रामीण विभाग से गांव व्याप्त समस्या से निजात दिलाने की मांग कर रहे हैं।

### कुंआ, हैंडपम्प का जल स्तर गिरा

सरपंच प्रतिनिधि केशरलाल मंडावी ने बताया के गांव में करीब आधा दर्जन हैडपम्प एवं कुआं है। जिसका जल स्तर काफी गिर गया है। जिस कारण कुछ हैंड पम्प दम तोड चुके है, तो कुछ हैंड पम्प से मटमैला पानी आने से पीने योग्य नहीं रहता। कुछ एक दो हैडपम्प है जहां पानी भरने के लिए सुबह से लोगों की लम्बी कतार लगी रहती है। जिससे कुछ लोग आधी रात में भी पानी की जुगत में लगे रहते हैं।

## सार समाचार

### स्थापना दिवस पर छात्रों को कॉपी-पेन वितरण

**राजनांदगांव।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के 55वें स्थापना दिवस पर छात्र संगठन द्वारा एक सराहनीय सामाजिक पहल के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनएसयूआई के युवा नेता हर्षिल भेलावे एवं निर्मल द्विवेदी के नेतृत्व में शासकीय अनुसूचित जाति बालक आश्रम पनेका में अध्ययनरत छात्रों को कॉपी एवं पेन का वितरण किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों को शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराकर उनकी पढ़ाई में सहयोग प्रदान करना एवं शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बढ़ाना रहा।



इस दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने बच्चों से आत्मीय संवाद कर उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा उन्हें अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयासरत रहने प्रेरित किया।इस पहल के माध्यम से संगठन द्वारा यह संदेश दिया गया कि शिक्षा ही समाज को सशक्त बनाने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। एनएसयूआई हमेशा से छात्रों एवं युवाओं के हित में कार्य करती आई है और भविष्य में भी इसी प्रकार सामाजिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचने का कार्य करती रहेगी। कार्यक्रम में अंशल श्रीवास्तव, विकास राजपूत, निखिल पाल, पियूष साहू, सोमिल जैन, अभि गुप्ता, हर्ष राजपूत, यश वर्मा, सोमिल सिंह एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### साधकों ने मनाया अवतरण दिवस

**राजनांदगांव।** श्री योग वेदांत सेवा समिति व समस्त साधको द्वारा पूज्य संत श्री आशारामजी बापू का अवतरण दिवस अर्थात 'विश्व सेवा-सत्संग दिवस' पर विभिन्न निःस्वार्थ सेवा कार्यों को करते मोहारा स्थित आश्रम में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। 85वां अवतरण दिवस पर 85 दीप प्रज्वलित कर भजन-कीर्तन व सत्संग का श्रवण किया गया। सुबह से आश्रम में साधकों की काफी भीड़ उमड़ने लगी तथा कार्यक्रम के अंत में भोजन भंडारा का आयोजन किया गया। शहर के शीतला मंदिर प्रांगण से विशाल संकीर्तन यात्रा का आयोजन हुआ। जिसमें सांस्कृतिक झांकियों के साथ-साथ समिति एवं आश्रम द्वारा संचालित सेवा कार्य, संत-महापुरुषों की महिमा, देशभक्ति दर्शाते बैनर और गरीबों की सेवा के संदेश को लेकर हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। जगह-जगह शोभायात्रा यात्रा का श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। इसके अलावा गरीबों, जरूरतमंदों में भंडारे का आयोजन भी किया गया।



श्री योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष रोहित चंद्राकर एवं कोषाध्यक्ष टीके चंद्राकर ने बताया कि आज विश्व के सामने खड़ी अनेक समस्याओं का समाधान समाज की निःस्वार्थ भाव से सेवा करने से ही संभव है। इस आयोजन में संतोष पिल्ले, दिलीप सिन्हा, महेश रायचा, वीरेंद्र साहू, भोजेस्वर साहू, उमाशंकर कुंवर, गोपाल यादव, गोस्वामी का विशेष सहयोग रहा।

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण का आयोजन

**राजनांदगांव।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 6 से 20 अप्रैल तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में योग, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कबड्डी और कराटे का प्रशिक्षण स्कूली छात्राओं और महाविद्यालय की छात्राओं को दिया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में प्राचार्य डॉ. अंजली अवधिया ने छात्राओं को खेलों में भाग लेने प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ाधिकारी डॉ. नीता एस. नायर ने किया। इस वर्ष महाविद्यालय ने जिला कबड्डी संघ, जिला बैडमिंटन संघ और मार्शल आर्ट एकेडमी के साथ एमओयू किया है। जिसके तहत तीनों संघों के सहयोग से यह प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसमें बैडमिंटन प्रशिक्षक यशलोक, कराटे प्रशिक्षक दुर्गेश और जयदीप सोनी, योग प्रशिक्षक खिलेन्द्र सोनी तथा अन्नपूर्णा द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर महाविद्यालय की पूर्व कबड्डी खिलाड़ी छाया चंद्रवंशी, जिन्होंने अहमदाबाद में एशियन खेलों के प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया और संतोपी चंद्रवंशी एवं संगीता, जो खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की विजेता टीम की सदस्य रही, का सम्मान प्राचार्य ने किया।



### तीन के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**राजनांदगांव।** धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने 3 आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है। कोतवाली थाना क्षेत्रांतर्गत आम लोगों में दहशत फैलाने और शांति भंग करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। आरोपियों के विरूद्ध धारा 370, 226, 135 (3) डीएनएस के तहत ईश्तगाशा तैयार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

### राजस्व पखवाड़ा शिविर, मोतीपुर का निरीक्षण

**राजनांदगांव।** अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय ने डोंगरगढ़ विकासखंड के लाल बहादुर नगर तहसील के ग्राम मोतीपुर में आयोजित राजस्व पखवाड़ा शिविर का निरीक्षण किया। राजस्व पखवाड़ा शिविर में ग्राम मोतीपुर एवं गोविंदपुर के किसान, सरपंच, पंच और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। शिविर में पटवारी द्वारा बी-1 पढ़कर सुनाया गया तथा ग्रामवासियों से ग्राम में फौत हुए लोगों की जानकारी ली गई।



वर्ष 2025 में तिलोकीराम चंद्रवंशी, बोधी चंद्रवंशी, हीरामण गोंड, मुकेश चंद्रवंशी, संतानु सतनामी, सुखदास सतनामी, लगनी बाई, टीकम चंद्रवंशी, रमोतिनबाई, रोमन चंद्रवंशी, मदन चंद्रवंशी, पुरुषोत्तम कंवर एवं देवंतीनबाई के निधन की पुष्टि हुई।

शिविर में किसानों के राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की गई। शिविर में प्रहलाद गोंड एवं दिनेश द्वारा आवेदन प्रस्तुत करने पर अविवादित नामांतरण दर्ज करने हेतु पटवारी एवं ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित किया गया। शेष मृतकों के संबंध में सरपंच एवं पटवारी द्वारा बताया गया कि उनके वारिसानों के नाम पहले ही फौती नामांतरण की कार्रवाई पूरी की जा चुकी है। राजस्व पखवाड़ा शिविर में लंबे समय से लंबित प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दिया गया।

### ग्राम पंचायत सरखेड़ा में राशन वितरण पर सवाल

# चावल घोटाले या चोरी की आशंका से ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ औंधी

औंधी तहसील के ग्राम पंचायत सरखेड़ा में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत चावल वितरण को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उनसे हर महीने राशन लेने के लिए फिंगरप्रिंट तो लिया जाता है, लेकिन उन्हें समय पर चावल नहीं दिया जाता। कई लोगों ने आरोप लगाया कि 2 से 3 महीने बाद एक साथ राशन दिया जाता है। जिससे व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

इस मामले में एक नया मोड़ तब आया जब प्रज्ञाशील स्व-सहायता समूह की संचालक सुनीता बांबोड़े द्वारा लगभग 90 कट्टा चावल चोरी होने की शिकायत औंधी थाना में दर्ज कराई गई। हालांकि ग्रामीणों और कुछ स्थानीय लोगों का कहना है कि जहां चावल रखा जाता है, वहां इतनी मात्रा में चोरी होना संदिग्ध प्रतीत होता है, क्योंकि उस स्थान पर पर्याप्त जगह भी नहीं है। अब इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग तेज हो गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि पूरे मामले की गहराई से जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि गरीबों को मिलने वाला राशन सही तरीके से उन तक पहुंच सके। प्रशासन की कार्रवाई पर सबकी नजरें टिकी हैं, क्योंकि यह मामला न सिर्फ राशन वितरण की पारदर्शिता से जुड़ा है, बल्कि ग्रामीणों के अधिकारों और विश्वास का भी सवाल है।




#### नहीं दिया जा रहा राशन

ग्राम पंचायत की सरपंच पदमाबाई ने भी इस पूरे घटनाक्रम पर संदेह जताया है। उनका कहना है कि ग्रामीणों से नियमित रूप से फिंगर लगवाया जा रहा है, लेकिन उन्हें समय पर चावल नहीं मिल रहा। ऐसे में चोरी की घटना को लेकर शंका होना स्वभाविक है। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि हर महीने फिंगरप्रिंट लिया जा रहा है तो रिकॉर्ड में वितरण दिखाया जा सकता है। जबकि वास्तविकता में राशन नहीं दिया जा रहा। इससे संभावित घोटाले की आशंका भी जताई जा रही है।

## वन एसडीओ पर भद्दी टिप्पणी करने का आरोप

**राजनांदगांव।** जिले के डोंगरगढ़ में पदस्थ वन विभाग की एसडीओ विवादों में फंस गई है। उन पर विभाग की एक महिला लिपिक ने जाति सूचक भद्दी टिप्पणी करने के अलावा गैर छत्तीसगढ़िया होने पर तंज कसने का आरोप लगाया है। महिला लिपिक ने इस मामले की डीएफओ आयुष जैन से शिकायत की है। सूत्रों का कहना है कि डीएफओ ने तत्काल एक महिला अफसर को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। आरोपी महिला अफसर की कार्यप्रणाली को लेकर वन विभाग के निचले कर्मचारी कड़ी कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक डोंगरगढ़ में पदस्थ एसडीओ श्रीमती पूर्णिमा राजपूत पर उत्तर बोरतलाव परिक्षेत्र में पदस्थ लिपिक सिवानी श्यामकर ने डीएफओ के नाम एक शिकायती पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि एसडीओ द्वारा अपमानजनक, भेदभावपूर्ण एवं जाति सूचक शब्दों सहित बुरा बर्ताव किया जाता है। इससे महिला लिपिक ने अपनी मानसिक स्थिति खराब होने की बात कही है। शिकायत में इस बात का स्पष्ट जिक्र है कि महिला अफसर श्रीमती राजपूत द्वारा पीड़ित लिपिक को महाराष्ट्र से आकर बसने पर कई बार ताना कसा है। दरअसल 21 मार्च 2026 को एसडीओ ने फोन पर कुछ आवश्यक शासकीय काम पूर्ण करने का निर्देश दिया। शनिवार होने की वजह से महिला लिपिक घर पर थी। इस बात को सुनकर भड़ककर महिला अफसर ने खरी-खोटी सुनाते महाराष्ट्र से आकर बसने का ताना कसा। महिला लिपिक ने कहा कि ईद पर शासकीय अवकाश होने की जब बात कही, तो एसडीओ ने क्या तुम मुसलमान हो, आफिस नहीं आए हो, ऐसी भी टिप्पणी की। लगातार डोंगरगढ़ वन एसडीओ का रवैया महिला लिपिक के खिलाफ रहा है। वह आहत होकर डीएफओ से शिकायत करते महिला अफसर के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। बहरहाल वन विभाग में कुछ अन्य महिलाओं के साथ भी खराब रूख अपनाकर काम करने का आरोप लग रहा है। इस संबंध में महिला एसडीओ श्रीमती राजपूत ने हरिभूमि से कहा कि शिकायत की मुझे जानकारी नहीं है, शिकायती पत्र देखने के बाद ही इस पर वह प्रतिक्रिया देंगी। उधर एसडीओ के खिलाफ यह मामला अनुसूचित जाति, जनजाति शासकीय कर्मचारी संघ तक पहुंच गया है।

### मोबाइल से सट्टा संचालित पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

**राजनांदगांव।** धरपकड़ अभियान के तहत बसंतपुर पुलिस ने मोबाइल से सट्टा संचालित करने वाले आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है।

#### चौपाटी के पास दबिश

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 9 अप्रैल को निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में टीम गठित कर मुखबीर सूचना के आधार पर गौरवपथ चौपाटी के पास दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी दीपक क्षत्रिय 29 वर्ष पुरैना को मोबाइल के माध्यम से सट्टा लिखते रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 1 सैमसंग कंपनी का मोबाइल, 1 एप्पल कंपनी का आईफोन, 9 नग एटीएम कार्ड तथा 1 रॉयल इनफील्ड मोटर साइकिल, नगदी रकम 9800 रुपए जुमला कीमती लगभग 3 लाख 80 हजार रुपए को जब्त किया गया।

## एनएसयूआई के 56वें स्थापना दिवस पर फल वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के 56वें स्थापना दिवस पर जिला एनएसयूआई राजनांदगांव द्वारा स्थानीय वृद्धा आश्रम में फल वितरण कार्यक्रम किया गया। इस दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने वृद्धजनों के बीच फल वितरित किए एवं उनके साथ समय बिताकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के माध्यम से संगठन ने समाज में सेवा, सम्मान, करूणा और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही, जिन्होंने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ इस सेवा कार्य में भाग लिया। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमर झा ने कहा कि एनएसयूआई केवल छात्र राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करते हमेशा सेवा कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है और आगे भी निभाता रहेगा।

#### सेवा कार्य सराहनीय

अमर झा ने बताया कि एनएसयूआई छात्र संगठन विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। जिसकी स्थापना पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी कि थी। आज एनएसयूआई के स्थापना दिवस पर वृद्धा आश्रम में जाकर फल वितरण किया गया। प्रदेश महासचिव राजा यादव ने कहा कि एनएसयूआई के युवा साथियों द्वारा किया गया यह सेवा कार्य अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायक है। वृद्धजनों की सेवा करना भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है और एनएसयूआई ने इस परंपरा को जीवित रखने का कार्य किया है। ऐसे कार्य समाज में सकारात्मक ऊर्जा और मानवीय मूल्यों को मजबूत करते हैं।

उक्त कार्यक्रम में एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमर झा, प्रदेश महासचिव राजा यादव, प्रदेश सचिव शुभम प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष साहिल सागर, जिला महासचिव दीपक सोनकर, रेहान मिर्जा, खालिद खान सहित अन्य एनएसयूआई के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झेरिया यादव समाज का चुनाव 12 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रांतीय अध्यक्ष और प्रबंधकारिणी समिति का चुनाव 12 अप्रैल को मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा स्थापित प्रदेश के विभिन्न मतदान केन्द्रों में संपन्न होगा। राजनंदगांव महानगर इकाई के मतदाताओं के लिए दीनदयाल नगर चिखली स्थित सामाजिक भवन में मतदान केंद्र बनाया गया है, जहां महानगर क्षेत्र के मतदाता रविवार को सुबह 10 से 3 तक मतदान कर सकेंगे। मतदान के आधे घंटे के पश्चात मतों की गणना की जाएगी।

चुनाव के सुचारू संचालन के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा महानगर क्षेत्र के लिए गरीबाराम यादव को जिला निर्वाचन अधिकारी तथा पूनाराम यादव को सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा मतदान दल का गठन भी किया गया है। जिसमें पीठासीन अधिकारी मनोज यादव सहित तीन मतदान अधिकारी अमन यादव, राजेश यादव और मुरली यादव शामिल किए गए हैं।

कल 10 अप्रैल को महादेव घाट रायपुर स्थित प्रांतीय कार्यालय से गोपनीय सामग्री का वितरण किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी गरीबाराम यादव ने उक्त जानकारी देते बताया कि मतदाताओं को अपना पहचान पत्र लेकर आना अनिवार्य होगा। उन्होंने झेरिया यादव समाज के मतदाताओं को निर्धारित समय अवधि में मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान करने की अपील की है।

उक्त निर्वाचन में समाज के आजीवन सदस्यों द्वारा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं संयुक्त सचिव के एक-एक पद के लिए तथा दो कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया जाएगा। मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए मतदान दिवस को सभी सदस्यों को अपना पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। पहचान पत्र के अभाव में मतदान से वंचित होना पड़ सकता है।

### प्रशासन ने गांवों में शुरू किया अभियान

# सूर्यघर योजना से दो हजार घर रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत सौर आधारित बिजली लगाने के लिए लोगों में रूचि बढ़ती जा रही है। इस योजना के तहत लाभ लेने आवेदनों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी हुई है। पीएम सूर्य घर योजना के तहत प्रतिदिन लगभग 16 आवेदन आ रहे हैं। वहीं एक दिन में लगभग 25 घरों में सौर ऊर्जा लगाई जा रही है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव द्वारा गांव गांव में अभियान का भी आगाज किया गया है।

कभी खत्म न होने वाली सौर आधारित बिजली के लिए प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत लोगों का रूझान बढ़ता जा रहा है। इस योजना से केंद्र और राज्य शासन द्वारा मिलने वाली सब्सिडी के चलते योजना का लाभ लेने आवेदन प्रक्रिया में तेजी आई है। इस योजना के तहत सौर आधारित बिजली उत्पन्न करके स्वयं उपयोग के साथ ही अतिरिक्त बिजली सीएसईबी के माध्यम से बेचकर उपभोक्ता से बिजली दांता बन सकते हैं।



#### 9 हजार से अधिक आवेदन

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत अब तक कुल 9059 आवेदन विभाग को प्राप्त हुए हैं। जिसमें से 4369 मकान का चयन करके वेंडरों को कार्य सौंपा गया है। वहीं अब तक लगभग 2013 घरों में पीएम सूर्य घर योजना के तहत इंस्टॉलेशन का कार्य पूरा हो गया है। वहीं 1443 हितग्राहियों के लिए सब्सिडी भी प्राप्त हो गई है।

#### बिजली दर बढ़ने से जागरूकता

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत सीएसईबी के माध्यम से हितग्राहियों को योजना से संबंधित जानकारी देने के साथ ही फॉर्म भरने की प्रक्रिया पूरी कराई जा रही है। वहीं शासन-प्रशासन के माध्यम से पीएम सूर्यघर योजना के तहत अपने घरों में बिजली लगाने जागरूकता भी फैलाई गई। वहीं बिजली की दरों में बढ़ोत्तरी से भी लोग अब इस योजना से बिजली लगाने आवेदन कर रहे हैं।

## प्रस्तावित भूमि पर तहसील कार्यालय बनाने की मांग



**निर्माण स्थल का विरोध :** ग्रामीणों ने अपने ज्ञापन में कहा कि नगर पंचायत लालबहादुर नगर में नवीन तहसील भवन का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा करवाया जा रहा है, जो रावणभाठा में स्थित है। वह स्थान लगभग 2 किलोमीटर दूर है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के लालबहादुर नगर में तहसील कार्यालय निर्माण स्थल को लेकर यहां के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने विरोध जताया है। ग्रामणों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर प्रस्तावित भूमि में तहसील कार्यालय निर्माण किए जाने मांग की है।

प्रशासन द्वारा लालबहादुर नगर क्षेत्र के रावणभाठा में तहसील कार्यालय भवन का निर्माण कराया जा रहा है। जिसका विरोध जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है। लालबहादुर नगर पंचायत को बीते वर्ष 2021-22 में नवीन तहसील का दर्जा मिल चुका है और तहसील कार्यालय नगर पंचायत भवन के पास पुराने भवन में संचालित हो रहा है। ग्रामीणों ने पूर्व में नवीन तहसील कार्यालय भवन की मांग को लेकर आंदोलन किया था और शासन के निर्देश पर नवीन भवन निर्माण के लिए नगर पंचायत कार्यालय के समीप पुराने जर्जर हो चुके कन्या शाला भवन को डिस्मेंटल कर तहसील कार्यालय भवन निर्माण के लिए भूमि प्रस्तावित किया गया था, लेकिन अब प्रस्तावित भूमि के बजाय गांव से 2 किमी दूर रावणभाठा में नवीन तहसील कार्यालय भवन का निर्माण कराया जा रहा है।

#### बिना एनओसी हो रहा निर्माण

नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहू ने कहा कि रावणभाठा में तहसील भवन निर्माण संबंधी नगर पंचायत द्वारा कोई सहमति पत्र नहीं दिया है, परन्तु उसके बाद भी उक्त स्थान पर भवन निर्माण किया जा रहा है। नए तहसील भवन के लिए नगर पंचायत द्वारा वर्तमान में संचालित तहसील कार्यालय भवन के पास की जमीन का प्रस्ताव दिया गया है और पूरे नगरवासियों की मांग भी इसी स्थान पर है, जिसे नजर अंदाज कर रावणभाठा में भवन बनाया जा रहा है। कई बार इसका विरोध नगरवासियों द्वारा किया गया है। इसके बावजूद उक्त स्थान पर ही कार्य प्रारंभ है।

#### चक्काजाम की चेतावनी

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे लालबहादुर नगर के ग्रामीण और जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि शीघ्र ही तहसील कार्यालय भवन निर्माण पर रोक लगाई जाए और प्रस्तावित स्थल पर ही भवन निर्माण किया जाए। वहीं उन्होंने चेतावनी देते कहा कि ऐसा नहीं किया गया तो ग्रामीणों द्वारा चक्काजाम और उग्र आंदोलन किया जाएगा।





## खबर संक्षेप

### दामापुर मण्डल में मासिक बैठक संपन्न



**हरिभूमि कोलेगांव।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी निर्देशानुसार बूथ स्तर संगठन सृजन प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व कैबिनेट मंत्री अकबर, जिला संगठन प्रभारी पदम कोठारी, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उतरा दिवाकर एवं दामापुर मण्डल अध्यक्ष प्रमोद पात्रे के नेतृत्व में दामापुर मण्डल संगठन सृजन प्रभारी साधे लाल अनंत और सह प्रभारी भरत साहू की उपस्थिति में दामापुर मे मासिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमे कांग्रेस के सभी साथियों द्वारा पार्टी के सदस्यों और नए कार्यकारिणी सदस्यों के बारे मे विस्तृत चर्चा किया गया और सभी कार्यकर्ताओ को जमीनी स्तर पर कार्य करके संगठन को मजबूत बनाने को कहा गया। इस बैठक मे आसपास क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक सहित कार्यकर्ता गण बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

### कंझेटा में भाजपा का गांव-बस्ती-चलो अभियान जारी, 12 अप्रैल तक चलेगा



**हरिभूमि कोलेगांव।** गुरूवार को शक्ति केंद्र प्रभारी महेंद्र घुतलहरे, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ओम यदु एवं छत्र किशोर सानू तिवारी एवं महामंत्री मनहरण साहू एवं बूथ अध्यक्ष कल्पसिंह चंद्रवशी द्वारा लाभावित हितग्राहियों के घर-घर पहुंचे। जहां भाजपा कार्यकर्ता विश्व के सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा के 47 वां स्थापना दिवस के अवसर पर सेवा ही संगठन अभियान एवं 8 से 12 अप्रैल तक आयोजित होने वाले गांव-बस्ती-चलो अभियान के तहत शक्ति केंद्र प्रभारी जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि महेंद्र धृतलहरे एवं जिला कार्यकारिणी ओम यदु, एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष छत्र किशोर सानू तिवारी एवं महामंत्री मनहरण साहू, बूथ अध्यक्ष के कुशल मार्गदर्शन में भाजपा मण्डल कुण्डा के कार्यकर्ताओं ने कुण्डा मण्डल अंतर्गत ग्राम कंझेटा में गुरूवार को गांव-गांव एवं घर-घर जाकर आमजनों से आत्मीय भेंट-मुलाकात कर केंद्र की मोदी सरकार एवं राज्य साय सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया एवं सरकार के जनहित कार्यों एवं योजनाओं से लाभावित जैसे प्रधानमंत्री आवास, महतारी वंदना, भूमिहीन कृषि मजदूर, किसान सम्मान निधि से लाभावित हितग्राहियों से मुलाकात कर जनसंवाद किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

### एनएसयूआई के 56वें स्थापना दिवस पर कॉपी एवं पेन वितरण किया



**हरिभूमि कवर्धा।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के 56वें स्थापना दिवस के अवसर पर पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय प्राथमिक शाला बद्दो में छात्र-छात्राओं को कॉपी एवं पेन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना एवं उन्हें आवश्यक अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराना रहा। भाजपा सरकार बड़े-बड़े वादे तो करती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर छात्र-छात्राओं को मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं, ऐसे समय में एनएसयूआई लगातार छात्राओं के साथ खड़ी है। शिक्षा के क्षेत्र में घटती सुविधाएं और बढ़ती अनदेखी यह दर्शाती है कि जिम्मेदार लोग छात्राओं के भविष्य को लेकर कितने गंभीर हैं। एनएसयूआई जिला महासचिव अमन वर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़ना और उनकी जरूरतों को पूरा करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है।

## समस्या: गलियां पानी से लबालब भरी, दूसरी सड़क कीचड़ से लथपथ, रहवासी परेशान

# नेवारी के पटेल मोहल्ला की गलियां बनी टापू, जलभराव से बढ़ी बीमारी की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिला मुख्यालय से महज 3 किमी दूर स्थित ग्राम पंचायत नेवारी के पटेल पारा में बुनियादी सुविधाओं का अभाव साफ नजर आ रहा है, जहां पक्की नाली निर्माण कार्य के अभाव में पानी निकासी नहीं होने से गलियां टापू में तब्दील हो गई हैं। बताया जाता है कि गंदगी, बदबू और जहरीले जीव-जंतुओं के खतरे के बीच ग्रामीणों और स्कूली बच्चों का आवागमन मुश्किल हो गया है। विकासखंड कवर्धा अंतर्गत इस पुराने पंचायत क्षेत्र में पटेल पारा की गलियों की स्थिति अत्यंत खराब हो चुकी है। यहां गलियों में घुटने तक नहीं बल्कि टापू जैसी स्थिति में पानी भरा हुआ है, जिससे लोगों का आना-जाना बाधित हो गया है। सीसी रोड व पक्की नाली के अभाव और जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण घरों का गंदा पानी और बारिश का पानी गलियों में जमा हो रहा है। एक ओर गलियां पानी से लबालब भरी हैं, वहीं दूसरी ओर कीचड़ से लथपथ हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में गंदगी और बदबू का माहौल बना हुआ है। रात के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब जहरीले जीव-जंतु गलियों में निकल आते हैं।

इससे ग्रामीणों खासकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए खतरा बढ़ गया है। स्कूली बच्चों को रोजाना इसी समस्या के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे उनकी सुरक्षा पर भी चिंता बनी हुई है। बताया जाता है कि लगातार जलभराव और गंदगी के कारण संक्रामक फैलने की आशंका भी बढ़ गई है। वहीं गंदे पानी के कारण ग्रामीणों के बीच आपसी विवाद की स्थिति भी बनने लगी है। जिस पर ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस समस्या का तत्काल संज्ञान लेते हुए गांव का निरीक्षण किया जाए और सीसी रोड व नाली निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की जाए साथ ही जल निकासी की उचित व्यवस्था कर जल्द से जल्द समस्या का समाधान किया जाए।



### जहरीले जीव-जंतु और बीमारी का खतरा

ग्रामीणों ने बताया कि जलभराव और गंदगी के कारण क्षेत्र में जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा बढ़ गया है। रात के समय स्थिति और भी भयावह हो जाती है। वहीं गंदगी के कारण संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

### सीसी नाली के अभाव से बिगड़ी स्थिति

पटेल पारा की गलियों में पक्की सीसी रोड व नाली नहीं होने से घरों का गंदा पानी सीधे रास्तों में बह रहा है। जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश और घरेलू पानी मिलकर गलियों को तालाब जैसी स्थिति में बदल रहे हैं, जिससे लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है।

### राशि स्वीकृत होने के बाद कार्य प्रारंभ किए जाएगें

समस्या से पूरी तरह वाकिफ है। इसके समाधान के लिए शासन प्रशासन से सीसी रोड़ व नाली निर्माण के लिए मांग किए है। जैसे ही निर्माण कार्य के लिए राशि स्वीकृत होंगे, वैसे ही निर्माण कार्य प्रारंभ कराएंगे।

**सेवाराम पात्रे, सरपंच ग्राम पंचायत नेवारी**

# डबराभाट का सांस्कृतिक भवन दो साल से अधूरा, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

## 5 लाख खर्च होने के बाद भी ग्रामीण बुनियादी लाभ से वंचित



हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

जिला मुख्यालय से करीब 8 किमी दूर स्थित ग्राम पंचायत डबराभाट में सांसद निधि से स्वीकृत सांस्कृतिक भवन का निर्माण कार्य बीते दो वर्षो से अधूरा पड़ा है। शुरुआत में तेजी से काम शुरू हुआ, लेकिन अब निर्माण ठप होने से भवन धीरे-धीरे क्षतिग्रस्त होने लगा है और ग्रामीण इसके लाभ से वंचित हैं। विकासखंड कवर्धा अंतर्गत इस पंचायत में सांस्कृतिक भवन निर्माण के लिए लगभग 5 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी। स्वीकृति के बाद प्रारंभिक दौर में निर्माण कार्य तेजी से कराया गया, जिससे गांव के लोगों को उम्मीद थी कि जल्द ही उन्हें सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए एक भवन उपलब्ध होगा। हालांकि कुछ समय बाद निर्माण कार्य की गति धीमी पड़ गई और देखते ही देखते काम पूरी तरह बंद हो गया। वर्तमान में भवन का केवल ढांचा खड़ा है, जबकि छत, प्लास्टर और अन्य आवश्यक कार्य अधूरे पड़े हैं। लंबे समय से निर्माण कार्य बंद रहने के कारण दीवारों में दरारें आने लगी हैं और समय बीतने के साथ पूरी संरचना को नुकसान पहुंचने का खतरा बढ़ गया है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं। इस कार्य की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत को सौंपी गई थी, लेकिन अब तक निर्माण पूरा नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि भवन समय पर बन जाता, तो गांव में सामाजिक कार्यक्रम, बैठकें और अन्य आयोजन आसानी से हो सकते थे। लेकिन वर्तमान में सांस्कृतिक भवन के अभाव में ग्रामीणों को छोटे-बड़े कार्यक्रमों के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं अधूरा निर्माण लंबे समय से ही पड़े रहने से सरकारी राशि के उपयोग पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। जिस पर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन एवं जिला व जनपद स्तर के अधिकारियों से मांग की है कि इस मामले में तत्काल संज्ञान लेकर निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जाए, ताकि ग्रामवासियों को इसका लाभ मिल सके।

### सांसद निधि से मिली राशि, फिर भी अधूरा निर्माण

सांस्कृतिक भवन निर्माण के लिए करीब 5 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी। राशि मिलने के बाद प्रारंभिक स्तर पर निर्माण कार्य शुरू तो हुआ, लेकिन बीच में ही काम बंद हो गया। तय समय में निर्माण पूरा नहीं होने से योजना का उद्देश्य अधूरा रह गया और ग्रामीणों को अपेक्षित सुविधा नहीं मिल पाई।

### धीरे-धीरे जर्जर हो रहा अधूरा ढांचा

दो वर्षो से अधूरा पड़ा भवन अब क्षतिग्रस्त होने लगा है। दीवारों में दरारें दिखने लगी हैं और समय के साथ पूरी संरचना कमजोर होती जा रही है। यदि जल्द निर्माण पूरा नहीं किया गया तो अब तक खर्च की गई राशि भी व्यर्थ जाने की आशंका बढ़ रही है।

# सुकली-गोविंद खरीदी केंद्र में खुले में पड़ा धान बना पशुओं का चारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत सुकली गोविंद धान खरीदी केंद्र में लापरवाही का बड़ा मामला सामने आया है, जहां खुले परिसर में रखा सरकारी धान गायों और अन्य पशुओं का चारा बन रहा है। बाउंड्रीवाल, तार जाली और सुरक्षा व्यवस्था के अभाव में धान की खुलेआम बर्बादी हो रही है, जिससे प्रशासनिक निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार खरीदी केंद्र में रखे धान को दिन-रात गाय, भैंस और बकरियां खा रही हैं, लेकिन मौके पर कोई जिम्मेदार कर्मचारी नजर नहीं आता। पिछले कई महीनों से यह स्थिति बनी हुई है, बावजूद इसके सुधार के कोई ठोस प्रयास नहीं किए गए हैं।

बताया जा रहा है कि खुले मैदान में धान रखा गया है, जहां न तो त्रिपाल की व्यवस्था है और न ही बारिश से बचाव के कोई उपाय किए गए हैं। हाल ही में हुई बारिश के दौरान भी धान भीगता रहा, जिससे नुकसान और बढ़ गया। क्षेत्र के किसानों ने आरोप लगाया है कि खरीदी के दौरान उनसे अतिरिक्त कटौती की जाती है, लेकिन केंद्र में धान की सुरक्षा और रखरखाव पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता। ऐसे में सरकारी अनाज की बर्बादी को लेकर किसानों में नाराजगी है। चौंकाने वाली बात यह है कि केंद्र में चौकीदार की नियुक्ति होने के बावजूद इस तरह की लापरवाही सामने आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि करोड़ों रुपए के धान को इस तरह खुले में छोड़ देना गंभीर लापरवाही है। उन्होंने आशंका जताई कि भविष्य में यदि धान की कमी सामने आई, तो जिम्मेदार अपनी गलती छिपाने के लिए इसे चूहों द्वारा नुकसान बताकर पल्ला झाड़ सकते हैं।

इस पूरे मामले में प्रशासन और संबंधित विभाग के अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द से जल्द उचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाए। वहीं इस संबंध में समिति प्रबंधक रामप्रसाद चंद्राकर ने बताया कि लगभग 165 क्विंटल धान अभी शेष है, जिसे अगले दिन कुट्टी भवन में सुरक्षित रखवाया जाएगा। उन्होंने स्वीकार किया कि केंद्र में बाउंड्रीवाल, तार जाली और चबूतरे की व्यवस्था नहीं होने के कारण पशुओं का आना-जाना लगा रहता है।

### बाउंड्रीवाल और सुरक्षा व्यवस्था का अभाव

खरीदी केंद्र में न तो बाउंड्रीवाल है, न तार जाली और न ही धान रखने के लिए सुरक्षित चबूतरा। इस कारण खुले परिसर में रखा धान पूरी तरह असुरक्षित है और पशु आसानी से अंदर पहुंचकर उसे नुकसान पहुंचा रहे हैं। बुनियादी व्यवस्थाओं की कमी से पूरे सिस्टम की लापरवाही उजागर हो रही है।

### बारिश और पशुओं से दोहरी मार

एक ओर जहां धान पशुओं द्वारा खाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर बारिश के कारण भी भारी नुकसान हो रहा है। त्रिपाल या अन्य सुरक्षा इंतजाम नहीं होने से धान भीग रहा है, जिससे उसकी गुणवत्ता खराब होने का खतरा बढ़ गया है। लगातार हो रही इस लापरवाही से सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंच रहा है।

# महाशिवरात्रि का व्रत करने से एक वर्ष के शिव पूजन का फल मिलता है: ज्योतिर्मयानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶।सहसपुर लोहारा



सहसपुर लोहारा के पास ग्राम बिरनपुर कला में आयोजित पंच कुंडीय गौ-प्रतिष्ठा महायज्ञ एवं श्रीशिव महापुराण कथा के द्वितीय दिवस में दण्डी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि एक बार भगवान शिव के अंग से भगवान श्रीविष्णु और ब्रह्मा प्रगट शिवमाया के प्रभाव से भगवान श्रीविष्णु और ब्रह्मा दोनों के मध्य मैं बड़ा हूं कहकर विवाद हो गया और युद्ध होने लगा तब दोनों के मध्य एक ज्योतिर्मय लिंग प्रगट हो गया दोनों देवताओं ने तय किया कि एक ऊपर जाएगे और विष्णु नीचे गए, श्रीविष्णु कई वर्षो बाद अंत न मिलने से श्रीविष्णु वापस आ गए और ब्रह्मा ने झूठी गवाही केवड़ा पुष्प के साथ आए बोले कि मैंने आदि देख लिया भगवान श्रीशिव प्रगट हो गए और नाराज होकर ब्रह्मा के एक सिर को कटवा दिया। केवड़ा से कहा तुम मेरे ऊपर नहीं चढ़ोगी और ब्रह्मा का मंदिर नहीं बनेगा पूजा नहीं होगी, ब्रह्मा के क्षमा मांगने पर यज्ञ आदि में अवसर दिया। जिस दिन ये ज्योतिर्लिंग प्रगट हुआ इसी दिन को महाशिवरात्रि कहते हैं। भगवान शिव की उपासना में महाशिवरात्रि व्रत की बहुत महिमा है। जो महाशिवरात्रि व्रत करता है निराहार निर्जल रहकर या अपने शरीर स्वास्थ के अनुसार फलाहार करके रात्रि में चार प्रहर पूजा करे भजन कीर्तन करे तो एक बार महाशिवरात्रि का व्रत करने से एक वर्ष के शिव पूजन का फल मिलता है। उन्होने कहा कि मानव तन बड़ा दुर्लभ है, इसे पाकर भगवान की प्राप्ति करना चाहिए। नर्मदा किनारे तप करने से जल्दी ही सिद्धि मिलती है और गंगा तट में मरने से मोक्ष मिलता है। शिवलिंग की स्थापना सभी कर सकते हैं अनुकूल समय देखकर पुण्य नदी के तट पर होना चाहिए वहां बहुत अधिक पुण्य मिलता है। नदी का किनारा ना मिले तो वहां शिवलिंग की स्थापना करें जहां नित्य पूजन हो सके। मंदिर की स्थापना करने के बाद यदि पूजन ना हो तो दोष लगता है। मंदिर बने तो आजीवन प्रतिदिन पूजन की व्यवस्था करनी चाहिए।

## जिले में विशेष जांच अभियान चलाने के कृषि विभाग को दिए निर्देश

# कलेक्टर ने दी खाद-बीज दुकान में दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



खबर का असर

जिले में खाद की कालाबाजारी को लेकर प्रकाशित हरिभूमि खबर का असर अब साफ नजर आने लगा है। प्रशासन हरकत में आया और कलेक्टर गोपाल वर्मा ने गुरुवार को शहर के खाद-बीज दुकानों में अचानक दबिश देकर जांच की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीधे किसानों से खाद की कीमतों को लेकर फीडबैक लिया और दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी कि तय दर से अधिक कीमत पर बिक्री करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने वर्धमान बीज भंडार, महावीर कृषि केंद्र और शाकम्भरी कृषि सेवा केंद्र का निरीक्षण कर स्टॉक और बिक्री दर की जानकारी ली। किसानों से बातचीत में सामने आया कि यूरिया 266 रुपए प्रति बोरी और डीएपी 1350 रुपए प्रति बोरी के सरकारी दर पर मिल रहा है। इस पर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी दुकानों में खाद की दर और उपलब्ध स्टॉक का बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाया जाए और उसे रोजाना अपडेट किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जहां भी ओवरप्राइसिंग या कालाबाजारी की शिकायत मिलेगी, वहां तत्काल टीम भेजकर कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए उप संचालक कृषि को पूरे जिले में विशेष जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।



यूरिया की कालाबाजारी, 266 की बोरी को 500 में बेच रहे दुकानदार

### पिपरिया में एक्सपायर्ड कीटनाशक जब्त, नोटिस जारी

कलेक्टर के निर्देश पर गठित जांच टीम ने पिपरिया स्थित एक खाद-बीज दुकान में छापामार कार्रवाई की। जांच के दौरान कीटनाशक की एक्सपायर्ड बोतलें पाई गईं, जिन्हें तत्काल जप्त किया गया। संबंधित दुकानदार को कारण बताओ नोटिस जारी कर सख्त हिदायत दी गई कि स्टॉक का नियमित मिलान कर एक्सपायर्ड सामग्री तुरंत हटाई जाए।

### खबर के बाद प्रशासन सक्रिय जिलेभर में जांच अभियान शुरू

खाद की कालाबाजारी को लेकर खबर हरिभूमि में प्रकाशित होने के बाद प्रशासन सक्रिय हो गया है। कलेक्टर ने कृषि विभाग को टीम बनाकर पूरे जिले में सघन जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों को स्पष्ट किया गया है कि किसानों से अधिक कीमत वसूलने या अनियमितता पाए जाने पर तत्काल सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### क्षितिज-अपार संभावनाएं योजना से दिव्यांग विद्यार्थियों को मिल रहा नया हौसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

मेहनत, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ यदि कोई आगे बढ़े तो कोई भी बाधा उसकी सफलता की राह में रुकावट नहीं बन सकती। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दिव्यांग विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित "क्षितिज अपार संभावनाएं" योजना ऐसे ही विद्यार्थियों के जीवन में नई उम्मीद जगा रही है। यह योजना दिव्यांग छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहन राशि प्रदान कर उनकी पढ़ाई को आगे बढ़ाने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास को भी मजबूत कर रही है। जिले में इस योजना के माध्यम से वर्ष 2023 से 2026 तक कुल 35 दिव्यांग विद्यार्थियों को 4 लाख 76 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा चुकी है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**समस्या:** किसानों को नहीं मिल पा रहा है शासन के समर्थन मूल्य का लाभ, किसान व्यापारियों को फसल बेंचने मजबूर

# उपार्जन केन्द्रों में अधिसूचित फसलों की नहीं हो रही सुचारू रूप से खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कहने को तो शासन ने कबीरधाम जिले में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के अंतर्गत प्राईस सपोर्ट स्कीम के तहत अधिसूचित खरीफ एवं रबी दलहनी-तिलहनी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी गत 15 फरवरी 2026 से शुरू कर दी है और इसके लिए जिले के चारों विकासखण्ड कवर्धा, पंडरिया, स. लोहारा तथा बोड़ला में उपार्जन केन्द्र भी निर्धारित कर दिए हैं।

जिसमें कवर्धा में 15, बोड़ला में 16, पंडरिया में 19 तथा स. लोहारा में 16 उपार्जन केन्द्र सहित कुल 66 उपार्जन केन्द्र शामिल है। जिसमें किसान शासन द्वारा अधिसूचित फसल अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन, चना, मसूर तथा सरसों निर्धारित समर्थन मूल्य में बेंच सकते हैं। लेकिन जिले के किसानो की माने तो इन निर्धारित उपार्जन केन्द्रों में से इक्का दुक्का को छोड़ दिया जाए तो किसी भी उपार्जन केन्द्र में समर्थन मूल्य पर अधिसूचित खरीफ एवं रबी दलहनी-तिलहनी फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी नहीं हो रही है। जिससे किसानो को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है और मजबूर जरूरतमंद किसान अपनी फसल औने पौने दामों में व्यापारियों को बेंचने मजबूर हो रहे हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि रबी की प्रमुख फसल चना प्रायः कट चुकी है और इसकी मिसाई भी हो चुकी है, अब किसान नगदी कही जाने वाली इस फसल को बेंचने की जुगत भिड़ा रहा है। जानकारी के मुताबिक कवर्धा कृषि उपज मण्डी में इस समय चना 5000 से 5300 रूपए प्रति क्विंटल के भाव से बिक रहा है। किसानो को आरोप है कि व्यापारियों की सांठगांठ के चलते इससे ज्यादा चना की बोली बढ़ ही नहीं रही है। जबकि इसी चना का शासन ने समर्थन मूल्य 5875 रूपए निर्धारित कर रखा है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि जिले के उपार्जन केन्द्रों में चना की खरीदी शुरू ही नहीं की गई है। इन हालातों में अब किसान मजबूरन मंडी में ही व्यापारियों के हाथो ठगे जा रहे हैं।

## सर्वर डाऊन तो पोर्टल नही खुलने का हवाला



ऐसा नहीं है कि किसान अधिसूचित खरीफ एवं रबी दलहनी-तिलहनी फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेंचने के लिए निर्धारित उपार्जन केन्द्रों में न ले जा रहे हो। लेकिन यहां समिति प्रबंधकों द्वारा कहीं सर्बर डाऊन होने का तो कहीं पोर्टल नहीं खुलने का हवाला देकर खरीदी नहीं की जा रही है। बताया जाता है कि अभी बीते बुधवार को ही कुछ किसान अपनी चना की फसल कवर्धा विकासखण्ड के उपार्जन केन्द्र रवेली लेकर पहुंचे थे और यहां भी समिति प्रबंधक ने सर्बर डाऊन होने तथा पोर्टल न खुलने की बात कहकर खरीदी से इंकार कर दिया था। लेकिन जब बाद में किसानो ने इसकी शिकायत भारतीय किसान संघ से की और समिति प्रबंधक पर दबाव बनाया गया तब कही जाकर खरीदी की गई।

## दूसरी अधिसूचित खरीफ एवं रबी दलहनी-तिलहनी फसलों में भी नुकसान

किसानो ने बताया कि शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य के मुताबिक अरहर का 8000, मूंग का 8768, उड़द का 7800, मूंगफली का 7263, सोयाबीन का 5328, चना का 5875, मसूर का 7000 तथा सरसों का 6200 रूपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय कि जिले के निर्धारित उपार्जन केन्द्रों में इन फसलों की समर्थन मुल्य में सुचारू रूप से खरीदी नहीं होने के कारण किसानो को परेशानियों के साथ भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

## किसानो को नहीं मिल रहा वाजिब दाम

किसानो ने बताया कि जिस ढंग से मंहगाई अपने चरम पर उसे देखते हुए चना का न तो समर्थन मूल्य वाजिब है और न ही मण्डी का दाम सही है। उन्होने बताया कि मण्डी में तो बीते कई सालों से चना का दाम 5000 से आगे बढ़ ही नहीं रहा है। जबकि इस बीच खेती किसानी काफी मंहगी हो चुकी है। इन हालातों में देखा जाए तो किसानो को चना का वाजिब दाम नहीं मिल पा रहा है।

# कार ने मारी ठोकर साइकिल सवार की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई

जिले से गुजरने वाले पोंड़ी-पंडरिया मार्ग स्थित ग्राम सिल्हाटी के पास गुरूवार को हुए सड़क हादसे में मोटर सायकल सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि युवक की मोटर सायकल आर्टिका कार से जा टकराई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार की मध्यप्रदेश के डिंडोरी जिले का रहने वाला मोटर सायकल सवार युवक गुरूवार की दोपहर कहीं जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही एक आर्टिका कार क्रमांक एमएच 49 डीडब्ल्यू 9721 से ग्राम सिल्हाटी शिव मंदिर के पास उसकी भिड़ंत हो गई। दोनो वाहनो के बीच हुई टक्कर इतनी भीषण थी की मोटर सायकल के परखच्चे उड़ गए वहीं दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक नरेन्द्र कुमार आयु 40 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद राहगीरों ने इसकी सूचना पोंड़ी चौकी पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है। वहीं आगे की कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने की अधिकारियों की नियुक्ति

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1995 के नियम 20 तथा 21 (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 के कार्यो का संपादन के लिए रिटर्निग ऑफिसर तथा सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया हैं। कबीरधाम जिले के 07 ग्राम पंचायतों में सरपंच और 27 पंचायतों में पंच पदों का उप निर्वाचन होगा। कलेक्टर ने इसके लिए संबंधित तहसीलदार को रिटर्निग ऑफिसर और जनपद सीईओं को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया हैं।

### राजस्व पखवाड़ा शिविर में 446 आवेदन निराकृत

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में आम नागरिकों की राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए राजस्व पखवाड़ा शिविर लगाया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से लोगों को उनके क्षेत्र, गांव और तहसील स्तर पर ही सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं और आवेदनों पर त्वरित निराकरण शिविर स्थल पर किया जा रहा है। इसी क्रम में आज 09 अप्रैल को तहसील कार्यालय कवर्धा में राजस्व पखवाड़ा शिविर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर अपनी समस्या के संबंध में आवेदन दिए। इन आवेदन पर त्वरित निराकरण किया गया। जिले में राजस्व पखवाड़ा 01 अप्रैल से ग्राम पंचायत मुख्यायल और तहसील व नगर पंचायत में आयोजित की जा रही है। शिविर में अब तक कुल 527 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 446 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया जा चुका है। शेष 131 आवेदनों की जांच कर निराकरण की कार्रवाई की जा रही है। प्राप्त आवेदनों में नामांतरण के 35, बंटवारा के 39, सीमांकन के 12, त्रुटि सुधार के 16, ऋण पुस्तिका संबंधी 47, नक्शा बटांकन के 58, अतिक्रमण के 3, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र संबंधी 110, नकल संबंधी 1 तथा अन्य प्रकार के 256 आवेदन शामिल हैं।

### धरमपुरा में श्री रूद्र महायज्ञ का आयोजन

**कवर्धा।** ग्राम धरमपुरा में गत 4 अप्रैल से श्री रूद्र महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। 14 अप्रैल तक चलने वाले इस श्री रूद्र महायज्ञ में बालयोगेश्वर रामबालक दा, ज्योति किशोरी तथा राष्ट्रीय मानस प्रवक्ता पं. रामेश्वरानंद महराज द्वारा प्रतिदिन दोपहर 3.00 बजे से कथा श्रवणपान कराया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग कथा का श्रवणपान करने पहुंच रहे हैं।

# पिस्टल दिखाकर अवैध वसूली करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**लायसेंसी पिस्टल, मैगजीन, जिंदा कारतूस, कार व अन्य सामग्री जब्त**




- शिकायत के आधार पर कवर्धा पुलिस ने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा पुलिस ने शिकायत के आधार पर लाइसेंसी पिस्टल दिखाकर धमकी देकर अवैध वसूली करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने आरोपी के पास से लायसेंसी पिस्टल, मैगजीन, जिंदा कारतूस, कार व अन्य सामग्री जप्त कर वैधानिक कार्यवाही की है। इस संबंध में कवर्धा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रकरण में 8 अप्रैल को प्रार्थी पिताम्बर गुप्ता, निवासी ग्राम घिरहा, थाना कवर्धा द्वारा थाना कोतवाली में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 2 अप्रैल 2026 को रात्रि लगभग 10.30 बजे आरोपी सचिन चड्डा उसकी किराना दुकान में आया और स्वयं को एफसीआई का बड़ा अधिकारी बताते हुए चोरी के चावल खरीदने का झूठा आरोप लगाकर धमकाने लगा। आरोपी द्वारा अपने पास रखी लाइसेंसी पिस्टल दिखाकर प्रार्थी को डराया गया तथा जेल भेजने की धमकी देकर 60,000 रुपए की मांग की गई, जिससे भयभीत होकर प्रार्थी ने 50,000 रुपए आरोपी को दे दिए। इस रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 140/2026 धारा 308 (6) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान प्रार्थी एवं गवाहों के कथन लिए गए तथा घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही की गई। जांच के दौरान आरोपी सचिन चड्डा पिता भरत लाल चड्डा, उम्र 47 वर्ष, निवासी जबलपुर (म.प्र.) एवं वर्तमान निवास रायपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें आरोपी द्वारा अपराध करना स्वीकार किया गया।

आरोपी के मेमोरेण्डम कथन के आधार पर एक कार ग्रैंड विटारा क्रमांक एमपी-20-जक-8201, एक नग 0.32 बोर की लाइसेंसी पिस्टल, 02 नग मैग्जीन तथा 11 राउंड जिंदा कारतूस एवं पिस्टल पाउच जप्त किया गया।

आरोपी को 9 अप्रैल 2026 को 03.25 बजे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही जारी है तथा प्रकरण की विवेचना प्रचलित है। कबीरधाम पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार स्वयं को अधिकारी बताकर धमकाने या अवैध वसूली करने का प्रयास करता है, तो तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस नियंत्रण कक्ष में सूचना दें।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 9 मई को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2026 में आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के अनुक्रम में छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार दिनांक 09 मई 2026 को छत्तीसगढ़ राज्य में तहसील न्यायालय के स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजित किया जाकर राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सुलह समझौता से निराकृत किये जाने है। माननीय संघरत्ना भतपहरी, प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम द्वारा आगामी नेशनल लोक अदालत के संबंध जिले के समस्त थाना प्रभारियों के साथ मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित थाना प्रभारियों को आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उक्त नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु इस स्थापना अन्तर्गत विभिन्न थानाओं में पदस्थ पैरालीगल वालिन्टियर्स द्वारा अपने क्षेत्रों में विभिन्न सुदुर अंचलों के गांवों, नगरों, कस्बों में नेशनल लोक अदालत के लाभों के बारे में बताते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसी प्रकार विभिन्न विभागों के नगरों, गांवो में भ्रमण करने वालों वाहनों के माध्यम से भी उक्त नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के आधार पर निराकरण हेतु दाण्डिक राजीनामा योग्य प्रकरण, चेक बाउन्स अर्थात 138 वाले मामले, बैंक रिकवरी अर्थात प्री-लिटिगेशन प्रकरण, मोटरयान अधिनियम से संबंधित प्रकरण, भरण-पोषण धारा 125 के प्रकरण, परिवार न्यायालय से संबंधित प्रकरण, श्रमिक प्रकरण, जमीन विवाद प्रकरण, विद्युत प्रकरण, जलकर प्रकरण, सम्पत्ति कर, टेलीफोन प्रकरण तथा राजस्व प्रकरणों को नियत किया गया है और उपस्थित पक्षकारगण के मध्य उपजे विवाद को वैकल्पिक समाधान के तहत लोक अदालत में उनके मध्य राजीनामा की सम्भावनाओं को तलाश करते हुए, उक्त नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन हेतु अधिक से अधिक प्रकरणों का चिन्हांकित करते हुए रखा जाना है। नेशनल लोक अदालत के संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

# स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, 124 मरीजों की पोर्टेबल एक्स-रे से जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार कबीरधाम जिले में आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीके तुर्रे, जिला नोडल अधिकारी डॉ. केशव धुर्वे एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी के मार्गदर्शन में ग्राम खुर्सीपार एवं ग्राम सुकुवापारा में स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में आधुनिक पोर्टेबल हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन के माध्यम से कुल 124 मरीजों की जांच की गई, जिसमें 46 पुरुष एवं 78 महिलाएं शामिल रहीं। ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार की अत्याधुनिक सुविधा उपलब्ध होने से लोगों को बड़ी राहत मिली तथा उन्हें समय पर स्वास्थ्य जांच का लाभ प्राप्त हुआ। शिविर के दौरान स्वास्थ्य टीम द्वारा मरीजों का प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं आवश्यक उपचार भी प्रदान किया गया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के शशिकांत शर्मा, भूपेंद्र भास्कर, सेक्टर सुपरवाइजर शोभाराम निषाद, आरएचओ नीतीश कुमार साहू, आरएचओएफ श्रीमती प्रियंकेश मानिकपुरी, कोऑर्डिनेटर तिजऊ साहू सहित संबंधित क्षेत्र के मितानिन दीदियों की सक्रिय सहभागिता रही।

# शासन की महतारी वंदन योजना से बेटी का भविष्य सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं आज महिलाओं के जीवन में केवल आर्थिक सहारा ही नहीं बन रहीं, बल्कि उनके सपनों को दिशा देकर परिवार के भविष्य को भी सुरक्षित कर रही हैं। ऐसी ही प्रेरणादायक मिसाल ग्राम अमलीडीह पंचायत की निवासी श्रीमती ज्योति मानिकपुरी की है, जिन्होंने महतारी वंदन योजना से मिली सहायता राशि का उपयोग अपनी बेटी के उज्ज्वल भविष्य को संवारने में किया है। श्रीमती ज्योति मानिकपुरी वर्ष 2024 से महतारी वंदन योजना के तहत लगातार लाभ प्राप्त कर रही हैं। अब तक उन्हें कुल 26 हजार रुपये की आर्थिक सहायता मिल चुकी है। उन्होंने इस राशि को दैनिक खर्चों में उपयोग करने के बजाय दूरदर्शिता दिखाते हुए बचत के रूप में सुरक्षित रखा। अपनी बेटी के बेहतर भविष्य की चिंता करते हुए ज्योति ने नजदीकी डाकघर में सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत खाता खुलवाया। वर्तमान में वे अपनी बेटी के खाते में प्रतिमाह 1 हजार रुपये जमा कर रही हैं। यह नियमित बचत आने वाले समय में बेटी की उच्च शिक्षा, जरूरी आवश्यकताओं और आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए मजबूत सहारा बनेगी। ज्योति मानिकपुरी बताती हैं कि महिला एवं बाल विकास विभाग से उन्हें इस योजना की जानकारी मिली, जिसके बाद उन्होंने अपनी बेटी के भविष्य को सुरक्षित करने का निर्णय लिया। उनका कहना है कि महतारी वंदन योजना से मिली सहायता ने मुझे बचत के लिए प्रेरित किया।

**वृद्ध आश्रम में फल वितरण कर सेवा, सम्मान का दिया सशक्त संदेश**

# एनएसयूआई ने मनाया अपना 56 वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ की माटी में रची-बसी जनजातीय कला केवल भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के 56 वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिला एनएसयुआई कबीरधाम द्वारा स्थानीय वृद्ध आश्रम में फल वितरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस दौरान एनएसयुआई कार्यकर्ताओं ने वृद्धजनों के बीच फल वितरित किए एवं उनके साथ समय बिताकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के माध्यम से संगठन ने समाज में सेवा, सम्मान, करुणा और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एनएसयुआई कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही, जिन्होंने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ इस सेवा कार्य में भाग लिया। उपस्थित सभी साथियों ने इसे एक प्रेरणादायक पहल बताते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया। एनएसयुआई जिला अध्यक्ष शितेष चन्द्रवंशी ने कहा कि एनएसयुआई केवल छात्र राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए हमेशा सेवा कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है और आगे भी निभाता रहेगा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर ने अपने वक्तव्य में कहा कि एनएसयुआई के युवा साथियों द्वारा किया गया यह सेवा कार्य अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायक है। वृद्धजनों की सेवा करना भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है, और एनएसयुआई ने इस परंपरा को जीवित रखने का कार्य किया है। ऐसे कार्य समाज में सकारात्मक ऊर्जा और मानवीय मूल्यों को मजबूत करते हैं। इस कार्यक्रम में एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष पिंकी बंजारे, बोड़ला ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश जायसवाल, जिला महासचिव अभय बनर्जी, जिला सचिव रोशन ठाकुर, मनीष साहू, सेवादल मीडिया प्रभारी बाबा खान, राजेंद्र डिंडोरे, भुनेश्वरी सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।




# बस संचालन व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने पुलिस प्रशासन ने ली संचालकों बैठक



**कवर्धा।** अव्यवस्थित बस संचालन, अनियमित स्टॉपेज व पार्किंग पर नियंत्रण के लिए कबीरधाम पुलिस सख्ती दिशा रही है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह (आईपीएस) के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं अमित पटेल के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी आरआई पुष्पेंद्र सिंह द्वारा बस संचालक संघ के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर में संचालित बसों से संबंधित विभिन्न यातायात समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। विशेष रूप से बसों के अनियमित स्टॉपेज, अव्यवस्थित पार्किंग तथा बस स्टैंड परिसर में लंबे समय से खड़े किए जा रहे खराब एवं अनुपयोगी वाहनों के कारण उत्पन्न हो रही बाधाओं पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। यातायात प्रभारी आरआई पुष्पेंद्र सिंह ने बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी बस संचालक निर्धारित स्टॉपेज का ही पालन करें तथा यातायात नियमों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि अनियमित रूप से कहीं भी बस खड़ी करने या सवारी उतारने-चढ़ाने की प्रवृत्ति से शहर की यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। इसके अतिरिक्त बस स्टैंड परिसर में खड़े खराब एवं अनुपयोगी वाहनों को शीघ्र हटाने के निर्देश दिए गए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा यातायात सुचारू रूप से संचालित हो सके। बैठक के दौरान बस संचालक संघ के पदाधिकारियों ने भी सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि वे सभी निर्धारित नियमों का पालन करेंगे और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में कबीरधाम पुलिस का पूर्ण सहयोग करेंगे। यातायात विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि भविष्य में नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों एवं संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।